कुर्यात् सदा मंगलम्!!
वर्ष 8 » अंक 233 » पृष्ठ 12
हिमाचल संस्करण
दिल्ली » रविवार » 25 अगस्त 2019
9 भाद्रपद » विक्रमी सम्वत् 2076

उत्तर भारत का प्रमुख दैनिक
# उत्तम हिन्दू
**
जालंधर व दिल्ली से प्रकाशित
₹ 2

**नई दिल्ली**
**कश्मीर में संचार पाबंदी राष्ट्रहित में : पीसीआई**
भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) ने जम्मू-कश्मीर में संचार व्यवस्था पर जारी पाबंदी का समर्थन करते हुए इसे राष्ट्रहित में करार दिया तथा इस मामले में उच्चतम न्यायालय में एक हस्तक्षेप याचिका भी दायर की। पीसीआई ने राज्य में संचार व्यवस्था पर पाबंदी के खिलाफ 'कश्मीर टाइम्स' की कार्यकारी सम्पादक अनुराधा भसीन की उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका में हस्तक्षेप की मांग की।



# राजनीति का 'अरुण' अस्त



## ■ मोदी सरकार के 'संकटमोचक' रहे जेटली का एम्स में निधन ■ आज दोपहर बाद निगमबोध घाट पर किया जाएगा अंतिम संस्कार ■ देशभर में शोक की लहर, हर आंख हुई नम

**नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज़**

**पूर्व** वित्त मंत्री अरुण जेटली का शनिवार को दिल्ली एम्स में निधन हो गया। वे 66 वर्ष के थे। उन्होंने दोपहर 12 बजकर 7 मिनट पर अंतिम सांस ली। किडनी ट्रांसप्लांट करवा चुके जेटली को कैंसर हो गया था। उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया था। पिछले दिनों राष्ट्रपति रामनाथ

### दिग्गजों ने दी अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि

कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल जाना था। मोदी फिलहाल यूएई में हैं। उन्होंने जेटली की पत्नी और बेटे से फोन पर बात की। दोनों ने मोदी से अपना विदेश दौरा रद्द न करने की अपील की। मोदी यूएई दौरे के बाद जी-7 समिट में हिस्सा लेने दोबारा फ्रांस जाएंगे। उन्हें बहरीन भी जाना है। जेटली की पार्थिव देह उनके घर ले जाई गई। इससे पहले एम्स में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। नड्डा ने बताया कि



नई दिल्ली में पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के पार्थिव शरीर के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद।

रविवार सुबह 10 बजे तक जेटली की पार्थिव देह उनके घर पर रहेगी। इसके बाद पार्टी कार्यालय में अंतिम दर्शन होंगे। दोपहर बाद निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। गौर हो कि सांस शेष पेज 9 »

पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के निधन पर आधारित विशेष सामग्री पेज 2 पर

### देश को बनाने में जेटली का अहम योगदान : कोविंद

**नई दिल्ली : राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने ट्वीट किया, ''जेटली के निधन की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। वे गजब के वकील, सुलझे हुए सांसद और उत्कृष्ट मंत्री थे। देश को बनाने में उन्होंने अहम योगदान दिया। उनके जाने से राजनीति और बुद्धिजीवियों की दुनिया में एक खालीपन आ गया है।''

### मैंने अपना अमूल्य मित्र खो दिया : मोदी

**नई दिल्ली : प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अरुण जेटली को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, 'अरुण जी महान राजनेता थे। बुद्धिजीवी



होने के साथ उन्हें कानूनी महारत प्राप्त थी। मैंने जेटली जी की पत्नी संगीता और बेटे रोहन से बातचीत कर संवेदनाएं प्रकट की हैं। अरुण जी में गंभीरता और विनोदप्रियता का अनूठा संगम था। समाज के हर वर्ग में लोग उन्हें चाहते थे। संविधान, इतिहास, सार्वजनिक नीति और प्रशासन की उन्हें शेष पेज 9 »

## प्रतिभावान वकील और राजनेता अरुण जेटली

✍ इरविन

आज देश की राजनीति के केंद्र बिन्दू बने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की क्षमता को पहचानने वाले कुछ व्यक्तियों में से एक थे अरुण जेटली। संकट की हर घड़ी में इन नेताओं के साथ खड़े रहने वाले जेटली पर मोदी और शाह ने हमेशा भरोसा किया और उनके सुझावों पर अमल भी किया। जेटली 2014 में अमृतसर से लोकसभा चुनाव हार गए थे लेकिन मोदी ने उनकी बौद्धिक क्षमता को देखते हुए उन्हें देश का वित्त मंत्री, रक्षा मंत्री और कारपोरेट मामलों का मंत्री बनाया। गहराई से जाएं तो पायेंगे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आर्थिक बागडोर जेटली के सुपर्द ही कर दी थी।

अरुण जेटली जब अटल जी के मंत्रिमंडल में सूचना एवं प्रसारण मंत्री थे तब और जब 2014 में लोकसभा चुनाव अमृतसर से लड़े थे तब उनसे मिलने का अवसर मिला। अकाली दल के राज्यसभा सांसद नरेश गुजराल और पंजाब भाजपा के पूर्व प्रधान कमल शर्मा के साथ उनके विशेष संबंध थे। उनके परिवार का संबंध पंजाब से था। इस कारण पंजाब की राजनीति में उनकी विशेष रुची थी। 2014 में उनको हरियाणा, राजस्थान व कई अन्य प्रदेशों से चुनाव लड़ने के लिए निमंत्रण दिया गया लेकिन उन्होंने पंजाब को प्राथमिकता दी। अरुण जेटली के अकाली दल के सर्वेसर्वा स. प्रकाश सिंह बादल सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से काफी घनिष्ठ संबंध थे।

अरुण जेटली एक नम्र स्वभाव के व्यक्ति और करीब-करीब सभी को साथ लेकर चलने में यकीन रखते थे। यही कारण है कि विरोधी दलों के वरिष्ठ नेताओं के साथ भी उनकी मित्रता थी और वह उसको अंतिम क्षणों तक निभाते भी रहे हैं। अरुण जेटली सिद्धांतों पर आधारित राजनीति में विश्वास रखते थे, इसलिए राजनीतिक मतभेद होने वालों की सैद्धांतिक बात को स्वीकार करने से हिचकिचाते भी नहीं थे। जेटली नम्र अवश्य थे लेकिन कमज़ोर नहीं, वे अपनी बात पर अड़ने वाले तथा कठोर भी थे।

देश की राजनीति में ही नहीं देश की आर्थिक स्थिति को भी जेटली की विचारधारा ने प्रभावित किया है। अटल जी व अडवाणी जी के बाद भाजपा में राष्ट्रीय स्तर पर उभरने वाले अरुण जेटली ने मोदी और अमित शाह के साथ मिलकर देश में नोटबंदी, जीएसटी लागू करने और भ्रष्टाचार को समाप्त करने के जो निर्णय लिए और जो नीतियां बनाई आज उनके परिणाम देश के सामने हैं। विश्व में भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर कर सामने आया है तो इसके पीछे अरुण जेटली द्वारा बतौर वित्त मंत्री लिए निर्णयों और बनाई गई नीतियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में सरकार के संकटमोचन के रूप में पहचाने जाने वाले अरुण जेटली ने छात्र राजनीति से अपनी राजनीतिक शुरुआत की। जेटली 70 के दशक में दिल्ली विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्र नेता थे और 1974 में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रसंघ के अध्यक्ष बने। उन्हें वर्ष 1975-77 के आपात्काल के दौरान 19 महीनों तक हिरासत में रखा गया। पूर्व वित्त मंत्री वर्ष 1973 में राज नारायण और जयप्रकाश नारायण द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किए गए आंदोलन के एक प्रमुख नेता के रूप में उभरे थे। जेटली नारायण द्वारा गठित नेशनल कमिटी फॉर स्टूडेंट्स एंड यूथ आर्गेनाइजेशन के संयोजक भी रहे और नागरिक अधिकारों से संबंधित आंदोलन में भी सक्रिय थे। जेल से रिहा होने के बाद वह जनसंघ में शामिल हो गए। उन्होंने केंद्र सरकार के कई प्रमुख मंत्रालयों का प्रभार संभाला और वर्ष 2014 से 2019 तक भारत के वित्त एवं कारपोरेट मामलों के मंत्री रहे। जेटली ने अटल बिहारी वाजपेयी और नरेन्द्र मोदी की सरकारों में वित्त, रक्षा, कारपोरेट, वाणिज्य एवं उद्योग, कानून एवं न्याय से संबंधित मंत्रालयों का प्रभार संभाला। वह वर्ष 2009 से 2014 तक राज्यसभा में विपक्ष के नेता रहे। उन्होंने उच्चतम न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में भी योगदान दिया। उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में वापसी करने के बाद अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया। वे वर्ष 1991 से ही भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य थे। वह वर्ष 1999 के आम चुनाव से पहले भाजपा के प्रवक्ता थे। उन्हें वर्ष 1999 में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग के सत्ता में आने के बाद सूचना एवं प्रसारण (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री बनाया गया। उन्हें विनिवेश राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भी बनाया गया था। जेटली को 23 जुलाई, 2000 को कानून, न्याय एवं कंपनी मामलों के मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। उन्हें यह अतिरिक्त प्रभार उस समय के कानून, न्याय एवं कंपनी मामलों के मंत्री राम जेठमलानी के इस्तीफे के बाद सौंपा गया था। शेष पेज 4 »

# यूएई में छाए मोदी

## ● सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायद' से नवाजे गए, रूपे कार्ड भी किया जारी ● मोदी ने व्यापारियों से भारत में निवेश का किया आग्रह

**अबु धाबी/उत्तम हिन्दू न्यूज़**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी को अबु धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यां ने शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ

**■ कहा, आर्टिकल 370 पर फैसला संवैधानिक दायरे में लिया**

जायद' से सम्मानित किया। मोदी दो दिवसीय फ्रांस दौरा पूरा करने के बाद शुक्रवार देर रात यूएई पहुंचे। मोदी को 'ऑर्डर ऑफ जायद' से भी नवाजे जाने की घोषणा इस साल अप्रैल में हुई थी। इसका मकसद भारत और दुबई के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती देना है। यह सम्मान दुबई के संस्थापक शेख जायद बिन सुल्तान अल नाह्यां के नाम पर रखा गया। मोदी ने शनिवार को रूपे कार्ड



अबु धाबी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रिंस मोहम्मद बिन जायेद एक-दूसरे का हाथ थामे हुए।

भी जारी कर दिया। उन्होंने यहां व्यापारी वर्ग से मुलाकात की और उनसे भारत में निवेश करने का आग्रह किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि राजनीतिक स्थिरता, अनुमानित नीतिगत ढांचा भारत को निवेश के लिए आकर्षक बाजार बनाता है। यूएई में भारत के राजदूत नवदीप सिंह सूरी ने अमीरात पैलेस में रूपे कार्ड के लॉन्च के दौरान कहा कि मध्य पूर्व में संयुक्त अरब अमीरात पहला ऐसा देश है, जहां रूपे कार्ड की शुरुआत की गई। यूएई में अगले हफ्ते से प्रमुख दुकानों या मॉलों में इसे स्वीकार किया जाएगा।

मोदी ने अपने रूपे कार्ड का उपयोग कर लॉन्च के दौरान यहां लगाए गए एक दुकान छप्पन भोग से लड्डू खरीदे। छप्पन भोग के मालिक और प्रबंध निदेशक विनय वर्मा ने बताया कि कार्ड का उपयोग कर उन्होंने एक किलोग्राम मोतीचूर के लड्डू खरीदे। राजदूत सूरी ने कहा कि यूएई में तीन बैंक अमीरात एनबीडी, बैंक ऑफ बड़ौदा शेष पेज 9 »



वृंदावन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर राधारमन मंदिर में दूध व दहीं से भगवान कृष्ण की मूर्ति को स्नान करवाते हुए पुरोहित।

## राहुल समेत 11 विपक्षी नेता श्रीनगर एयरपोर्ट पर रोके, दिल्ली लौटाए

**नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज़**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी 10 विपक्षी नेताओं के साथ शनिवार को श्रीनगर एयरपोर्ट पहुंचे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें एयरपोर्ट से आगे नहीं बढ़ने दिया। इस दौरान हंगामे की स्थिति बन गई और सभी नेताओं को



दिल्ली वापस भेज दिया गया। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पहली बार विपक्षी नेताओं का प्रतिनिधिमंडल राज्य के दौरे पर गए थे। राहुल स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर कश्मीर के हालात का जायजा लेना शेष पेज 9 »

## सिंधू ऐतिहासिक स्वर्ण से एक कदम दूर, प्रणीत को कांस्य



**विश्व बैडमिंटन प्रतियोगिता**

**बासेल/उत्तम हिन्दू न्यूज़**

**गत** उपविजेता भारत की पीवी सिंधू ने चौथी सीड चीन की चेन यू फेई को शनिवार को लगातार गेमों में 21-7, 21-14 से हराकर विश्व बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश करने के साथ ही नया इतिहास रच दिया जबकि बी साई प्रणीत को सेमीफाइनल में विश्व के नंबर-1 खिलाड़ी जापान के केंतो मोमोता ने आसानी से 21-13, 21-8 से हरा दिया। पांचवीं सीड सिंधू लगातार तीसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची हैं और इस टूर्नामेंट के इतिहास में स्वर्ण पदक जीतने वाला पहला भारतीय खिलाड़ी बनने से एक कदम दूर रह गयी हैं। शेष पेज 9 »

## जेट संस्थापक गोयल की 19 कंपनियां, 5 विदेश में : ईडी

**नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज़**

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल के आवास की तलाशी ली थी, जिसमें उनकी 19 कंपनियों के विवरण मिले हैं, जिसमें से 5 कंपनियां विदेश में हैं। इससे यह भी पता चला है कि संदिग्ध लेनदेन के जरिए धन को विदेश भेजकर गबन किया गया। ईडी ने दिल्ली और मुंबई में 12 स्थानों पर तलाशी ली थी, जिसमें जेट अधिकारियों के परिसर भी शामिल थे। एक वरिष्ठ ईडी अधिकारी ने बताया कि गोयल और उनके लंबे समय से सहयोगी हसमुख गार्दी के घरों पर छापेमारी की गई। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान विदेशी कंपनियों को किए गए भुगतान के शेष पेज 9 »




## भाजपा के 303 सांसद राइफल '3 नॉट 3' की तरह ताकतवर : राजनाथ

**लखनऊ/उत्तम हिन्दू न्यूज़**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को भाजपा के लोकसभा में 303 सांसदों की तुलना ब्रिटिश राइफल '3 नॉट 3' से की। रक्षा क्षेत्र में भारत की

**■ कहा, कोई देश हमें धमकी नहीं दे सकता**

ताकत लगातार बढ़ रही है। आज भारत को विश्व का कोई ताकतवर देश धमकी नहीं दे सकता। राजनाथ लखनऊ में भाजपा के कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में राजनाथ ने कहा, ''आप जैसे पार्टी कार्यकर्ताओं ने ही देश के राजनीतिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। भाजपा ने अकेले 303 सीट जीती हैं और आप '3 नॉट 3' (ब्रिटिश राइफल) की ताकत भी जानते हैं। इसका मतलब है कि भगवान ने हमें यह संकेत दिया



है।'' उन्होंने कहा, ''आज हर दिन भारत की ताकत भी बढ़ रही है। ऐसा हम किसी देश पर हमला करने के लिए नहीं कर रहे। हम अपनी ताकत इसलिए बढ़ा रहे हैं, ताकि विश्व का कोई ताकतवर मुल्क भारत को किसी प्रकार की धमकी न दे सके।'' राजनाथ शुक्रवार की सुबह लखनऊ में सेंट्रल कमांड के हेडक्वार्टर और 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंट सेंटर का दौरा किया था। इसके अलावा लखनऊ छावनी में सेंट्रल शेष पेज 9 »

## भारत-पाक पर दोतरफा काम कर रहे हैं : अमेरिका

**वॉशिंगटन/उत्तम हिन्दू न्यूज़**

**जम्मू**-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म करने के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को कम करने



के लिए अमेरिका दोतरफा रणनीति पर काम रहा है। यह जानकारी ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया कि पहली रणनीति सीमा पार घुसपैठ रोकने और भारत में, खासतौर पर कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों के लिए वित्तीय और अन्य सहायता नहीं देने के लिए पाकिस्तान पर दबाव बनाना है। दूसरी रणनीति भारत को जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य करने के लिए प्रोत्साहित करना और राज्य के लोगों के मानवाधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शेष पेज 9 »

## नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की ....



मथुरा : श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर राधा-कृष्ण मन्दिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। देश भर में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

# खालिस्तान की बात करने वालों के दिमाग खाली : स्वामी

## बोले, करतारपुर गलियारे पर पाक की नीयत सही नहीं

**चंडीगढ़/प्रेम विज**

**भारतीय** जनता पार्टी(भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा है कि खालिस्तान बबने वाला नहीं है और जो इसकी बात करते हैं उनके दिमाग भी खाली हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में पाकिस्तान के साथ करतारपुर गलियारा परियोजना पर फिलहाल आगे नहीं बढ़ना चाहिये और मौजूदा परिस्थितियों में सिख समुदाय अवश्य ही इस बात को समझेगा कि इसके पीछे पड़ोसी देश की नीयत ठीक नहीं है। एक कार्यक्रम के सिलसिले में आज यहां आए श्री स्वामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह मानते हैं कि करतारपुर गलियारा सिख समुदाय की भावनाओं से जुड़ा है लेकिन सिखों ने देश की रक्षा के लिये बलिदान दिये हैं वे अवश्य ही इस बात को समझेंगे कि पाकिस्तान ने भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद नहीं किया है और न ही उसने अपने यहां बैठे आतंकवादियों और राष्ट्रविरोधी तत्वों को भारत को सौंपा है। ऐसे में इस पड़ोसी देश के साथ फिलहाल कोई सम्बंध रखने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान करतारपुर गलियारा के बहाने दुनिया को दिखाना चाहता है कि वह भारत के साथ बातचीत शुरू करना चाहता है लेकिन व्यक्तिगत रूप से उनकी राय है कि उसे यह मौका नहीं दिया जाना चाहिये और गलियारा परियोजना पर जहां तक काम हो चुका है राष्ट्रहित में उसे फिलहाल वहीं रोक दिया जाना चाहिये और जब हालात सही हों तभी इस पर आगे बढ़ा जाए। पाकिस्तान के पूर्व सेनाध्यक्ष असलम बेग के करतारपुर गलियारा के माध्यम से भारत में खालिस्तानी आंतकवाद को बढ़ावा देने सम्बंधी बयान पर प्रतिक्रिया ने भाजपा नेता ने कहा खालिस्तान कभी बनने वाला नहीं है और जो सिख इसकी बात करता है तो उसका दिमाग खाली है और खालिस्तान भी वहीं पर है। उन्होंने कहा कि सिखों के हिमायती रहे हैं। ऑपरेशन ब्लू स्टार और 1984 के नरसंहार जैसी घटनाओं में सिखों को न्याय दिलाने के लिये वह और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिखों के साथ समर्थन में खड़े थे। उन्होंनें कहा कि सिख राष्ट्रवादी हैं। देश में आपातकाल के खिलाफ सिखों ने सबसे ज्यादा संघर्ष किया तथा कोई सच्चा सिख खालिस्तान नहीं चाहता।



चंडीगढ़ पहुंचने पर भाजपा सांसद सुब्रह्मण्यम स्वामी का स्वागत करते लोग।

# रेवाड़ी : मॉल की चौथी मंजिल से कूदी महिला, मौत

## पति दवा दिलाने के लिए डाक्टर के पास नहीं ले गया तो महिला ने खफा होकर लगाई छलांग

**रेवाड़ी/उत्तम हिन्दू न्यूज़**

**पति** दवा दिलाने के लिए डाक्टर के पास नहीं ले गया तो महिला ने खफा होकर एम मॉल की चौथी मंजिल से नीचे छलांग लगा दी। महिला की मौत हो गई। मायका पक्ष ने मृतका के पति पर ईलाज नहीं कराने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। घटनास्थल से महिला का बैग व मोबाइल भी बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। मामला रेवाड़ी की सीमा से सटे अलवर के औद्योगिक कस्बा भिवाड़ी का है।



पुलिस के अनुसार खैरथल निवासी राहुल भगतानी वर्तमान में आरएचबी सेक्टर में रह रहे हैं तथा उनका सेंट्रल मार्केट में फ्रूट का व्यापार है। शनिवार को राहुल की पत्नी पूनम ने कस्बे के अलवर बाईपास स्थित वी-स्क्वायर मॉल की चौथी मंजिल से नीचे छलांग लगा दी। नीचे गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। अचानक हुई घटना से मॉल में हड़कंप मच गया। लोग महिला को गंभीर हालत में लेकर अस्पताल पहुंचे,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**पति से हुई थी अनबन**

सूचना के बाद मृतका के परिजन व पुलिस भी मौके पर पहुंची। मृतक के भाई गांव मोठूका निवासी इंद्रकुमार ने बताया कि पूनम की शादी 22 नवंबर 2018 को राहुल के साथ हुई थी। पूनम को एलर्जी की शिकायत थी तथा उसने राहुल से दवा लेने के लिए डॉक्टर के पास चलने को कहा था। लेकिन उसने दो दिन बाद डॉक्टर के पास जाने की बात कही। इससे नाराज होकर पूनम शनिवार सुबह घर से निकल गई थी। उन्होंने ससुराल पक्ष पर पूनम का ईलाज नहीं करवाने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि कई बार ईलाज के लिए डॉक्टर के पास ले जाने की बात कहने के बावजूद उसका पति टालमटोल करता रहा। शनिवार को जब वह घर से निकली तो किसी ने रोकने की कोशिश नहीं की, अन्यथा पूनम की जान बच सकती थी।

**सीसीटीवी में कैद हुई घटना**

महिला के मॉल की चौथी मंजिल से नीचे कूदने की घटना नजदीक लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। महिला अकेली ही चौथी मंजिल पर पहुंची। आस-पास भी कोई नहीं था। अपने साथ लाई पर्स को वहीं पर रख महिला नीचे कूदती हुई दिखाई दे रही है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी अपने कब्जे में ले ली तथा मौके से महिला का पर्स व मोबाइल भी बरामद कर लिया। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया तथा मृतका के भाई इंद्रकुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। भिवाड़ी मोड़ चौकी इंचार्ज एसआइ रमाकांत ने बताया कि मायका पक्ष की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# पश्मिोत्तर में मानसूनी गतिविधियां शिथिल

## कहीं कहीं बारिश के आसार

**चंडीगढ़/प्रेम विज**

**पश्चिमोत्तर** क्षेत्र में अगले तीन दिनों में कहीं कहीं बारिश होने तथा हरियाणा में कल तक कहीं कहीं भारी बारिश के आसार हैं। मौसम केन्द्र के अनुसार क्षेत्र में अगले तीन दिनों में कहीं कहीं बारिश के आसार हैं। पिछले 72 घंटों में कहीं कहीं हल्की बारिश हुई जिससे बाढ़ प्रभावित इलाकों में कुछ राहत मिली। चंडीगढ़ में आज हल्की बारिश हुई जिससे उमस से कुछ राहत मिली तथा न्यूनतम पारा 26 डिग्री, अंबाला में 28 मिमी, हिसार का पारा 22,करनाल 27,भिवानी 16, रोहतक 27 डिग्री रहा। दिल्ली 28,श्रीनगर 16 और जम्मू 19 डिग्री रहा तथा इन इलाकों में हल्की बारिश हुई। हिमाचल प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई जिससे शिमला का पारा 16, भुंतर 19, धर्मशाला 21,सुंदरनगर 20,कांगडा 22, मनाली 15, नाहन 18, उना 23, सोलन 19 और कल्पा में पारा 12 डिग्री रहा। बीबीएमबी स्टेशनों पर इक्का दुक्का स्थानों के सिवाय आज कहीं बारिश नहीं हुई।

# पंजाब बाढ़ पश्चात बीमारियों के नियंत्रण को पूरी तरह तैयार : सिद्धू

**लोहियां खास/उत्तम हिंदू न्यूज**

**पंजाब** के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने आज कहा कि रोपड़, जालंधर, फिरोजपुर और कपूरथला जिलों में भारी बाढ़ के कारण किसी भी बीमारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए विभाग पूरी तरह से तैयार है। भोजन राहत शिविर का दौरा करने के बाद मीडिया के साथ बातचीत करते हुए विधायक हरदेव सिंह लाड्डी, उपायुक्त वरिंदर कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवजोत सिंह महल के साथ मंत्री ने कहा कि मुख्य चुनौती पानी के स्तर में कमी आने के बाद आएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की कई टीमों को तैनात किया गया है। श्री सिद्धू ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और पशुपालन विभाग के डॉक्टरों के साथ कई संयुक्त कार्रवाई दल भी गठित किए गए हैं। बाढ़ के कारण जानवरों की मौत हो सकती है जो विभाग के लिए बड़ी चुनौती होगी। क्षेत्र में डॉक्टरों के रिक्त पदों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि खतरनाक स्थिति को ध्यान में रखते हुए, सिविल अस्पताल लोहियां और सुल्तानपुर लोधी में विशेषज्ञ डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जिसमें दोनों अस्पतालों में स्त्री रोग विशेषज्ञ भी शामिल हैं। इससे पहले मंत्री ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोहियां खास में राहत शिविर का दौरा किया और गांव मंडला के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि जल स्तर कम होते ही पंजाब सरकार उनके पुनर्वास के लिए सभी प्रकार की सुविधाएँ और वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। मंत्री ने लोहियां में चिकित्सा शिविर का दौरा किया जहां बाढ़ प्रभावित लोगों के इलाज के लिए दो डॉक्टरों और पैरा मेडिकल स्टाफ को प्रतिनियुक्त किया है। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ गुरिंदर कौर चावला से कहा कि जरूरतमंद लोगों के लिए दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के अलावा मेडिकल कैंपों में कामकाज की निगरानी करें। इस अवसर पर विधायक शाहकोट विधानसभा क्षेत्र हरदेव सिंह लाडी शेरोवालिया, उपायुक्त वरिंदर कुमार शर्मा, एसएसपी नवजोत सिंह महल और सिविल सर्जन डॉ गुरिंदर कौर चावला उपस्थित थे।



■ स्वास्थ्य मंत्री ने किया बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा

# पंजाब व चण्डीगढ़ के बस किराए में 5 से 12 रुपए की वृद्धि

**अम्बाला/राजेन्द्र भारद्वाज :** हरियाणा व पंजाब रोडवेज ने अपने किराए में किलोमीटर के हिसाब से बढ़ौतरी कर दी है। बता दें कि पंजाब रोडवेज ने अपने किराए में बढ़ौतरी पहले से ही कर चुका है। अब पंजाब की तर्ज पर हरियाणा रोडवेज ने भी अपने किराए में बढ़ौतरी कर दी है। इसमें खास बात ये है कि यात्रियों की सुविधा के लिए हरियाणा रोडवेज यात्रियों से अम्बाला तक सामान्य किराया यानी पहले के सामान किराया ही वसूल करेगी। वहीं जैसे ही आप चंडीगढ़ या पंजाब में प्रवेश करते हैं तभी से यात्री को किलोमीटर के तहत अतिरिक्त शुल्क देना होगा। जैसे कि किसी यात्री ने पानीपत से अम्बाला जाना है तो उसे पहले के समान ही किराया देना होगा। वहीं अन्य दूसरे यात्री को पानीपत से चंडीगढ़ या पंजाब जाना है तो हरियाणा रोडवेज उस यात्री से किलोमीटर के हिसाब से पैसा वसूल करेगी। प्रति किलोमीटर के हिसाब से 5 रुपए से लेकर 12 रुपए तक अतिरिक्त देने होंगे। यह बढ़ौतरी कल से ही रोडवेज ने शुरू कर दी है। अंबाला छावनी बस अड्डा इंचार्ज रामरत्न ने बताया कि पहले अंबाला से चंडीगढ़ का किराया 60 रूपये था अब यह किराया 65 रूपये देने होंगे।


# जेटली का निधन भारतीय राजनीति के लिए बड़ी क्षति : मुलायम

**लखनऊ/शशिकांत तिवारी**

**समाजवादी** पार्टी(सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव और संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने पूर्व केंद्रीय वित्तमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अरूण जेटली के निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्री यादव ने कहा कि श्री अरूण जेटली एक कुशल वक्ता, सफल अधिवक्ता और सौम्य राजनीतिज्ञ के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि और शोकाकुल परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना। उन्होंने कहा कि श्री जेटली ने दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रसंघ से राजनीति शुरू की थी और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभायी थी। आपातकाल में 19 महीनों तक मीसाबंदी रहकर उन्होंने लोकतंत्र के लिए अपनी प्रतिबद्धता जतायी थी वह व्यक्तिगत सम्बन्धों के प्रति संवेदनशील भी थे। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने कहा कि श्री जेटली का निधन भारतीय राजनीति के लिए बड़ी क्षति है। वह कुशल वक्ता, कानून के जानकार प्रसिद्ध वकील थे। उनके भाषण जीव के पत्थर साबित होंगे। उन्होंने विभिन्न मंत्रालयों रक्षा, वित्त में अमिट छाप छोड़ी। दूसरे दलों में रहते हुये भी वह हमारे घनिष्ठ थे।



# अरुण जेटली के निधन पर हरियाणा के नेताओं ने जताया शोक







**चंडीगढ़/मोहन अरविन्द**

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण जेतली के निधन पर हरियाणा के मुख्यमंत्री सहित विभिन्न नेताओं ने शोक प्रकट किया है। मनोहरलाल ने दिवगंत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके निधन से जो क्षति हुई है ,वह कभी भी पूरी नहीं की जा सकती है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उन्हें प्रखर वक्ता और सुलझा हुआ राजनीतिक बताया। कंग्रेस अध्यक्ष अशोक तंवर ने उनकी मौत को विस्मयकारी बताया। इसी तरह शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ,वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ,विधान सभा अध्यक्ष कंवरपाल गुर्जर ,दीपेंद्र हुड्डा ,स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने भी जेतली के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

# जौनपुर : सड़क हादसे में चार की मौत, एक घायल

**जौनपुर/ शशिकांत तिवारी:** उत्तर प्रदेश में जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र में शनिवार को ट्रक और कार की भिड़ंत में चार लोगों की मृत्यु हो गयी और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि धरमपुर गांव के निकट सुजानगंज मार्ग पर दोपहर यह हादसा उस समय हुआ जब संजय चौराहे के पास एक ट्रक का टायर फट गया और चालक के नियंत्रण खोने से ट्रक विपरीत दिशा से जा रही एक कार से टकरा गया। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया रहा था कि रास्ते में एक की मृत्यु हो गयी। उन्होने बताया कि मृतकों की पहचान बिलोई गांव निवासी सुफियान (22),गयासुद्दीन (20), सलमान (22) और एजाज अहमद (27) के तौर पर की गयी है।

# योगी ने गोरखनाथ मंदिर में की कान्हा की पूजा-अर्चना

**गोरखपुर / शशिकांत तिवारी:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की और श्रद्धालुओं को जन्माष्टमी की बधाई दी। श्री योगी देर रात गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे जहां उन्होंने अर्धरात्रि को गर्भ गृह में भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना की। श्री कृष्ण के जन्म के बाद मुख्यमंत्री बाल गोपाल को लेकर गर्भ गृह से बाहर आये और उन्हें झूले में में रखकर देर तक झुलाया। उन्होने वहां मौजूद लोगों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधायी देते हुए लोकमंगल की कामना की। मुख्यमंत्री ने कृष्ण बने छोटे बच्चों को अपनी गोंद में लेकर दुलारा। श्री कृष्ण का रूप धारण किये बच्चों ने मुख्यमंत्री के साथ फोटो खिंचवाया तथा सेल्फी भी ली। गोरखनाथ मंदिर में स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में कल अखंड हरिकृतन शुरू हुआ था जिसकी पूर्णाहुति आज शनिवार को हुई। मंदिर का कोना-कोना आस्था और भक्ति से सराबोर रहा। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सुबह पारंपरिक पूजा अर्चना के बाद परिसर में लगे जनता दरबार में 500 से अधिक फरियादियों की समस्या सुनी और उनके समाधान का आश्वासन दिया। श्री योगी ने जनता दरबार में फरियादियों की समस्या सुनी और मौजूद अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिये। एक-एक कर फरियादी आते रहे। मुख्यमंत्री उनकी समस्यायें पूरी गंभीरता से सुनकर समाधान का आश्वासन देते रहे। यह सिलसिला करीब सुबह नौ बजे तक चला। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे लखनऊ के लिए रवाना हो गये।



# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**नरवाना/जेठी**

**हमीरगढ़** लिंक रोड पर शनिवार सुबह हुई सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को तुरंत नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने उसे अग्रोहा मैडिकल कालेज रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार ढाकल गांव के रहने वाले राकेश व राजबीर शनिवार सुबह मोटरसाइकिल पर सवार होकर खरल गांव से अपने गांव ढाकल की ओर आ रहे थे। हमीरगढ़ लिंक रोड पर एक अन्य मोटरसाइकिल जिसने अपने मोटरसाइकिल के साथ एक रेहड़ी को भी जोड़ रखा था, ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार राकेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि राजबीर गंभीर रूप से घायल हो गया। राजबीर को बाद में अग्रोहा मैडिकल कालेज रैफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम नागरिक अस्पताल में करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने ढाकल गांव निवासी दलबीर की शिकायत पर अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।



नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कार्रवाई करती सदर पुलिस व मौके पर मौजूद परिजन।

# हरियाणा के फार्मासिस्ट 26 को सामूहिक अवकाश पर, दवाइयों के लिए होगी मारामारी

**चंडीगढ़/मोहन अरविन्द/अक्षिल**

**हरियाणा** प्रदेश की सभी सरकारी संस्थाओं में कार्यरत फार्मासिस्ट सरकार द्वारा उनकी मांगों की अनदेखी के विरोध में 26 अगस्त सोमवार को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे जिससे कहीं भी दवा नहीं मिल पायेगी । यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन गवर्नमेंट फार्मासिस्ट हरियाणा के राज्य प्रधान विनोद दलाल ने बताया कि फार्मासिस्ट वर्ग की मुख्य मांग इस वर्ग की पे अनोमली दूर करके 4600 ग्रेड पे की है जिसकी स्वीकृति मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्यमंत्री दे चुके हैं बावजूद इसके वित विभाग फाइल पर कुंडली मारे बैठा है।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य ही है कि स्वास्थ्य विभाग में सबसे ज्यादा काम का बोझ उठाने वाला फार्मासिस्ट , जिसने जनता के हित को हमेशा सर्वोपरि रखा और कभी हड़ताल नहीं की न ही आंदोलन का रुख अपनाया। सरकार की लगातार अनदेखी ने इस सभ्य वर्ग को पीछे धकेल दिया जिससे पूरे प्रदेश के फार्मासिस्ट वर्ग में गहरा रोष है। गत लंबे समय से यह वर्ग बातचीत के माध्यम से अपनी मांग उठा रहा है पर सरकारी तंत्र का नकारात्मक रवैया आंदोलन पर मजबूर कर रहा है।

दलाल ने सरकार को चेताते हुए कहा कि अगर फार्मासिस्ट वर्ग की मांग पर सरकार गौर नहीं करती है तो आंदोलन को और तीव्र कर दिया जायेगा । उल्लेखनीय है फार्मासिस्ट वर्ग गत 6 अगस्त से काली पट्टी बांधकर , गेट मीटिंग कर एवं 18 अगस्त को करनाल में मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन करके अपना लगातार विरोध जारी रखे हुए है। एसोसिएशन ने सभी कर्मचारी संगठनों को पत्र लिखकर उनके हकों के लिए लड़ाई में समर्थन मांगा है।

## संपादकीय

# भगवान श्रीकृष्ण-3

गतांक से आगे...

मैं व्यापारियों में रहने वाली लक्ष्मी, छल-कपट करने वालों में द्यूत-क्रीड़ा, तितिक्षुओं की तितिक्षा (कष्ठसहिष्णुता) और सात्विक पुरुषों में रहने वाला सत्त्वयुग हूं। मैं बलवानों में उत्साह और पराक्रम तथा भगवद्भक्तों में भक्ति युक्त निष्काम कर्म हूं। वैष्णवों की पूज्य वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध, नारायण, हयग्रीव, वराह, नृसिंह और ब्रह्मा- इन नौ मूर्तियों में पहली एवं श्रेष्ठ मूर्ति वायुदेव हूं। मैं गन्धर्वों में विशवावसु और अप्सराओं में ब्रह्मा जी के दरबार की अप्सरा पूर्वचित्ति हूं। पर्वतों में स्थिरता और पृथ्वी में शुद्ध अविकारी गंध मैं ही हूं। मैं जल में रस, तेजस्वियों में परम तेजस्वी अग्नि, सूर्य, चंद्र और तारों में प्रभा तथा आकाश में उसका एकमात्र गुण शब्द हूं। उद्धवजी! मैं ब्राह्मण भक्तों में बलि, वीरों में अर्जुन और प्राणियों में उनकी उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय हूं। मैं ही पैरों में चलने की शक्ति, वाणी में बोलने की शक्ति, वायु में मलत्याग की शक्ति, हाथों में पकड़ने की शक्ति और जननेन्द्रिय में आनन्दोपयोग की शक्ति हूं। त्वचा में स्पर्श की, नेत्रों में दर्शन की, रसना में खाद लेने की, कानों में श्रवण की और नासिका में सूंघने की शक्ति भी मैं ही हूं। समस्त इंद्रियों की इंद्रिय शक्ति मैं ही हूं। पृथ्वी, वायु, आकाश, जल, तेज अहंकार, महत्व, पंचमहाभूत, जीव, अव्यक्त, प्रकृति, सत्व, रज, तम और उनसे परे रहने वाला ब्रह्म ये सब मैं ही हूं। इन तत्वों की गणना, लक्ष्णों द्वारा उनका ज्ञान तथा तत्व-ज्ञानरूप उसका फल भी मैं ही हूं। मैं ही ईश्वर हूं, मैं ही जीव हूं, मैं ही गुण हूं और मैं ही गुणी हूं। मैं ही सबकी आत्मा हूं और मैं ही सबकुछ हूं। मेरे अतिरिक्त और कोई भी पदार्थ कहीं भी नहीं है। यदि मैं गिनने लगूं तो किसी समय परमाणुओं की गणना तो कर सकता हूं, परन्तु अपनी विभूतियों की गणना नहीं कर सकता, क्योंकि जब मेरे रचे हुए कोटि-कोटि ब्रह्माण्डों की भी गणना नहीं हो सकती, तब मेरी विभूतियों की गणना तो हो ही कैसे सकती है। ऐसा समझो कि जिसमें भी तेज, श्री, कीर्ति, ऐश्वर्य, लज्जा, त्याग, सौंदर्य, सौभाग्य, पराक्रम, तितिक्षा और विज्ञान आदि श्रेष्ठ गुण हों, वह मेरा ही अंश हैं। उद्धवजी! मैंने तुम्हारे प्रश्न के अनुसार संक्षेप से विभूतियों का वर्णन किया। यह सब परमार्थ वस्तु नहीं है, मनोविकार मात्र हैं, क्योंकि मन से सोची और वाणी से कहीं हुई कोई भी वस्तु परमार्थ नहीं होती। उसकी एक कल्पना ही होती है। इसलिए तुम वाणी को स्वच्छन्द भाषण से रोको, मन के संकल्प-विकल्प बंद करो। इसके लिए प्राणों को वश में करो और इन्द्रियों का दमन करो। सात्विक बुद्धि के द्वारा प्रपंचाभिमुख बुद्धि को शांत करो। फिर तुम्हें संसार के जन्म-मृत्यु रूप बीहड़ मार्ग में भटकना नहीं पड़ेगा। जो साधक बुद्धि के द्वारा वाणी और मन को पूर्णतया वश में नहीं कर लेता उसके व्रत, तप और दान उसी प्रकार क्षीण हो जाते हैं, जैसे कच्चे घड़े में भरा हुआ जल। इसलिए मेरे प्रेमी भक्त को चाहिए कि वह मेरे परायण होकर भक्तियुक्त बुद्धि से वाणी, मन और प्राणों का संयम करे। (समाप्त)

- इरविन

# प्रतिभावान वकील और राजनेता अरुण जेटली

-पृष्ठ एक का शेष

अरुण जेटली एक सफल वकील व राजनेता के साथ-साथ प्रखर बुद्धिजीवी भी थे, जिन्होंने संकट के समय में केवल भाजपा को ही नहीं बल्कि अपने विरोधियों को भी दिशा दिखाई। देश से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर वह कितने स्पष्ट थे यह उन द्वारा प्रकट विचारों से पता चलता है। अरुण जेटली ने अपने अंतिम ब्लॉग में लिखा था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने स्पष्ट दृष्टिकोण से इतिहास रचा है। अनुच्छेद 370 पर फैसले के लिए ऐसे राजनीतिक साहस की ही जरूरत थी, साथ ही गृहमंत्री शाह की भी प्रशंसा की। उन्होंने आगे लिखा कि यह धारणा पूरी तरह गलत साबित हुई है कि धारा 370 का उन्मूलन भाजपा का वादा सिर्फ नारा था। उन्होंने लिखा कि विशेष दर्जा प्रदान करने की ऐतिहासिक भूल से देश को राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ी। आज, जबकि इतिहास को नए सिरे से लिखा जा रहा है, उसने ये फैसला सुनाया है कि कश्मीर के बारे में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की दृष्टि सही थी और पंडित नेहरू जी के सपनों का समाधान विफल साबित हुआ है। पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने जीएसटी के 2 साल पूरे होने पर अपने ब्लॉग में लिखा है कि जीएसटी को लागू करना आसान नहीं था। पिछले दो वर्षों में इसके क्रियान्वयन का हाल देखने के बाद जीएसटी का उचित विश्लेषण हो सकता है। उन्होंने कहा है कि संघीय संरचना में केंद्र और राज्य दोनों सरकारें वस्तुओं पर अप्रत्यक्ष कर लगाती थीं। राज्यों के पास कई कानून थे, जो उन्हें अलग-अलग बिंदुओं पर कर लगाने का हक देते थे, ऐसे में जीएसटी लागू करने की राह में बड़ी चुनौतियां थीं। सबसे पहली चुनौती थी राज्यों को सहमत करने की, क्योंकि उन्हें लगता था कि जीएसटी लागू होने के बाद वे कर लगाने की अपनी स्वायत्तता खो देंगे। दूसरी सबसे बड़ी चुनौती थी संसद में इसको लेकर सहमति बनाने की। राज्यों की चिंताएं दूर कर उन्हें सहमत कर लिया गया। उन्होंने लोकसभा में राफेल पर बहस के दौरान कहा कांग्रेस को जहाज और लड़ाकू जहाज के बीच का मौलिक अंतर ही नहीं पता। हमारे समय जो पहला विमान हमें मिलेगा, उसकी कीमत यूपीए के समय तय किए गए बेसिक विमान से 9 प्रतिशत कम होगी। वेपनाइज्ड विमान की कीमत 20 प्रतिशत तक कम होगी। उन्होंने इस मुद्दे पर सवाल उठा रही कांग्रेस से नेशनल हेराल्ड, अगस्ता-वेस्टलैंड और बोफोर्स पर सवाल पूछ लिए।

अरुण जेटली के निधन के साथ भाजपा तथा विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,गृहमंत्री अमित शाह व लालकृष्ण आडवाणी को तो झटका लगा ही, इनके साथ-साथ विपक्ष में उनके मित्रों को भी झटका लगा है। जेटली के जाने से देश की राजनीति में जो कमी आई है वह जल्द पूरी होने वाली नहीं है। बड़े दिल और बड़ी सोच के मालिक अरुण जेटली एक प्रतिभावान वकील और राजनेता थे, जिन्होंने हमेशा राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी और सिद्धांतों पर आधारित राजनीति को ही अपनाया। अरुण जेटली के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तो यही होगी कि राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए केवल उसी के लिए काम किए जाएं।

# मजबूत इच्छाशक्ति से बदलाव लाते मोदी



अमित शाह



**आजादी** के बाद हुए 17 लोकसभा चुनावों में देश ने 22 सरकारें और 15 प्रधानमंत्री देखे हैं। निस्संदेह इन सभी सरकारों ने राष्ट्र निर्माण में अपने विवेक के अनुसार कुछ न कुछ किया, परंतु ऐसी सरकारें विरली रहीं जो दूरगामी परिणाम लाने वाले काम कर सकीं। अपने 55 वर्षों के शासन में कांग्रेस को आठ बार पूर्ण बहुमत वाला जनादेश मिला, लेकिन उसने शायद दस काम भी ऐसे नहीं किए जिनसे देश को निर्णायक दिशा मिली हो। हालांकि वाजपेयी सरकार ने अल्पकाल में कई बड़े काम करने के प्रयास किए, परंतु बहुमत के अभाव में उनका प्रभाव सीमित रहा। देश में पहली बार 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की एक गैर कांग्रेसी सरकार बनी। मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में परिवर्तन की जो बयार बहती दिख रही है उसके पीछे मजबूत नेतृत्व और विकासोन्मुख नीतियां हैं।

मोदी सरकार ने अब तक के अपने कार्यकाल में ही दर्जनों ऐसे काम किए हैं जिनसे न केवल सामान्य जन के जीवन-स्तर में गुणात्मक सुधार आया है, बल्कि भारत की प्रतिष्ठा भी विश्व में फिर से स्थापित हुई है। मोदी जी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी अतुलनीय दृढ़ इच्छाशक्ति है, जिसका सबसे ताजा उदाहरण राज्यसभा में संख्याबल न होने के बावजूद अनुच्छेद-370 और 35-ए को समाप्त करना रहा। इन दोनों अनुच्छेदों के कारण कश्मीर देश की विकास की मुख्यधारा से नहीं जुड़ पाया जिससे वहां आतंकी और अलगाववादी शक्तियां फल-फूल रही थीं।

आतंकी हिंसा से 41 हजार कश्मीरी मौत का शिकार हुए, केंद्र से भेजी जाने वाली विकास की राशि गिने चुने लोगों की जेब भरती रही और कई पीढ़ियां गरीबी और अशिक्षा का दंश झेलती रहीं। तुष्टीकरण की राजनीति और इच्छाशक्ति की कमी के कारण किसी भी नेता या सरकार ने जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद- 370/35-ए से मुक्ति दिलाने का साहस नहीं किया। यह एक देश एक संविधान के सपने को पूरा करने की मोदी जी की मजबूत इच्छाशक्ति ही थी कि जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद- 370/35-ए से मुक्ति मिल सकी। यह भी मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति ही है कि वह विषम राजनीतिक परिस्थितियों में भी अनेक कठिन फैसले ले सके। कभी असंभव से दिखने वाले सर्जिकल एवं एयर स्ट्राइक जैसे फैसले लेना मोदी जी को देश का अब तक का सबसे मजबूत इच्छाशक्ति वाला प्रधानमंत्री साबित करता है। स्वतंत्रता के बाद देश की सरकारें अमीर-गरीब, शहर-गांव, कृषि-उद्योग जैसे अनेक विरोधाभासों से ग्रस्त रहीं। कुछ शक्तियों ने ऐसा वैचारिक वातावरण बना दिया था जिससे ये भ्रामक द्वंद्व देश के विकास में एक बड़ी बाधा बन गए। नरेंद्र मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने तत्काल इस द्वंद्व को खत्म किया। अमीर और गरीब की खाई पाट कर सबको एक साथ लेकर चलने की नीति प्रधानमंत्री मोदी के इस कथन से स्पष्ट होती है कि देश में सिर्फ दो वर्ग हैं, एक गरीब और दूसरा गरीबी हटाने वाला। मोदी सरकार की नीतियों में गरीबों के कल्याण के प्रति चिंता और अन्तोदय का भाव स्पष्ट नजर आता है। सामान्य जन के जीवन में बदलाव लाना मोदी सरकार की प्राथमिकता है। जनधन, मुद्रा, सौभाग्य, स्वच्छ भारत, श्रमयोगी मानधन पेंशन, किसान पेंशन और लघु व्यापारी मानधन जैसी दर्जनों योजनाओं के माध्यम से सरकार ने आमजन के जीवन-स्तर को ऊपर उठाने और उन्हें सामाजिक-आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया है। 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए भी अनेक कदम उठाए गए हैं, जिनमें नीम कोटेड यूरिया लाना, समर्थन मूल्य में डेढ़ गुना वृद्धि, समर्थन मूल्य दायरे का विस्तार, यूरिया सब्सिडी में वृद्धि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि योजना आदि प्रमुख हैं। तीन तलाक उन्मूलन, उज्ज्वला, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि, मातृत्व अवकाश में वृद्धि जैसे निर्णयों के जरिये भी सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके जीवन में बदलाव लाने का काम किया है। मोदी सरकार का मानना है कि व्यवसायी के विकास के बिना गरीबों का कल्याण संभव नहीं है। मोदी जी ने वेल्थ क्रिएटर के महत्व को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया है। चरमराई बैंकिंग प्रणाली के पुनरुत्थान, भ्रष्टाचार पर प्रहार के कानून, इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश, कानूनों के सरलीकरण, जीएसटी इत्यादि जैसे अनेक प्रयास व्यापार को सुगम बना रहे हैं और भारत आज सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन कर पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। करदाताओं की संख्या और कर प्राप्ति में जिस तरह वृद्धि हुई है वह मोदी सरकार पर विश्वास और देश के विकास में भागीदारी का प्रतीक है।

पाकिस्तान की आतंकी नीतियों का जवाब देने के लिए जब देश की सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की तब एक तरफ दुनिया के प्रभावी देश भारत के साथ थे तो वहीं दूसरी तरफ हमारा पड़ोसी मुल्क अलग-थलग पड़ा हुआ था। कश्मीर के मुद्दे पर भी स्थिति वही है। विश्व पटल पर भारत की ऊंची होती साख का एक और उदाहरण अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में हमारे सामने है। प्रधानमंत्री मोदी पर्यावरण के मुद्दे पर विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें संयुक्त राष्ट्र का प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला। आज भारत अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस का नेतृत्व कर रहा है। चंद्रयान के सफल प्रक्षेपण और एक बार में सर्वाधिक सेटेलाइट अंतरिक्ष में भेजने के कीर्तिमान ने भी देश का अंतरराष्ट्रीय गौरव बढ़ाया है। राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति मोदी सरकार की मंशा और नीति, दोनों स्पष्ट हैं। जहां सेना के आधुनिकीकरण का काम जारी है वहीं अंतरिक्ष में एंटी सेटेलाइट मिसाइल के सफल परीक्षण से स्पष्ट होता है कि राष्ट्र की सुरक्षा को लेकर यह सरकार जल, थल और नभ के साथ-साथ अंतरिक्ष तक जुटी हुई है। सेना के तीनों अंगों में समन्वय के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का पद बनाने का फैसला भी ले लिया गया है। मोदी सरकार ने सैनिकों की वर्षों से लंबित ओआरओपी की मांग को भी पूरा करके उनके मनोबल को बढ़ाया। मोदी सरकार की कार्य पद्धति का बारीकी से मूल्यांकन करें तो ऐसे अनेक कदम नजर आएंगे, जिन पर कभी किसी सरकार ने कदम उठाना तो दूर, सोचा तक नहीं था। नरेंद्र मोदी ने सत्ता की परवाह किए बगैर देशहित को ध्यान में रखते हुए कठिन और मूलभूत परिवर्तन लाने वाले साहसिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने ऐसे फैसले लिए जो आमजन के हित में हों और जरूरी नहीं कि वह लोक लुभावने और देखने में अच्छे लगने वाले हों। इस सरकार ने सिद्ध किया है कि जब देशहित में कठिन निर्णय लिए जाते हैं तो जनता भी समर्थन देने में पीछे नहीं हटती। इसका सबसे ज्वलंत प्रमाण 2019 के आम चुनाव में नरेंद्र मोदी का 2014 के जनादेश से बड़े जनादेश के साथ दोबारा प्रधानमंत्री बनना है।

**(लेखक केन्द्रीय गृहमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष है )**

# अनुचित है ट्रंप का अंधविरोध



ट्रंप की स्पष्टवादिता दुनिया के वामपंथियों को बुरी तरह चुभ रही है। ट्रंप दक्षिणपंथी हैं। मोदी भी मूलत: भारत में इस पंथ के अनुयायी हैं। पूर्ण बुद्धि-विवेक वाला कोई भी व्यक्ति इसी पंथ को जीवन का आदर्श मानता है। लेकिन वामपंथियों को देश-दुनिया की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं चाहिए। वे समस्याओं पर आधारित कुतर्कों और विवादों की अपनी राजनीति बंद नहीं करना चाहते। आधुनिक युग में अधिसंख्य देशों की सत्ता में विराजित नेतागण ऐसी ही राजनीति करते रहे हैं। इसी राजनीति के कारण समस्याएं समाप्त नहीं हो रहीं और स्थायी रूप से बनी हुई हैं। कुछ देशों के लोगों ने स्वविवेक से इस स्थिति को पहचाना और इसे बदलने का अभियान चलाया। परिणामस्वरूप अनेक देशों की राजनीति में वृहद परिवर्तन आया। अमेरिका और भारत ऐसे ही दो देश हैं। दोनों देश अपने नए राजनीतिक दृष्टिकोण से देशी-विदेशी पुरानी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। समाधान के अनेक उपायों में से एक उपाय नव राजनीतिक नेतृत्व की स्पष्टवादिता है। जब पुरानी समस्याओं को हल करने के नव संकल्प लिए जाएंगे तो समस्याओं से संबंधित विचार, भाषण, वक्तव्य, निर्णय और कार्य-व्यवहार सब कुछ बदलेंगे। ट्रंप भी यही कर रहे हैं। वे अमेरिका को आत्मघाती यथास्थितिवाद से मुक्त करना चाहते हैं तो मोदी भारत को।

विश्व के सर्वाधिक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में यदि ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के विवाद तथा विवाद की प्रमुख जड़ कश्मीर के सामाजिक यथार्थ के बारे में स्पष्ट वक्तव्य दिया है तो इसमें इतना विचलित होने की क्या आवश्यकता? जम्मू एवं कश्मीर से 370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान की भारत के प्रति बढ़ती ईर्ष्या, कुंठा और इस परिस्थिति में उसके द्वारा युद्ध करने, जेहाद छेड़ने व आतंक फैलाने की धमकी देने के संबंध में ट्रंप ने यदि भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के फोन के बाद दोनों देशों के बीच मध्यस्थ बनने का तीसरा प्रस्ताव रखा और कश्मीर के संबंध में हिन्दू-मुसलमान का वक्तव्य दिया है तो उन्होंने स्पष्टत: सत्य ही कहा।

क्या यह सत्य नहीं कि भारत और पाकिस्तान के बीच जो दशकों पुराना द्वंद्व है उसका मूल कारण समुदाय व धर्म ही है? क्या यह सत्य नहीं कि पाकिस्तान और मध्य-पूर्व के अनेक मुसलिम देशों द्वारा दुनिया में आतंक का जो रक्तरंजित परिदृश्य उत्पन्न किया गया, उसके मूल में धर्म के नाम पर मुसलिम विकृतियां ही हैं? क्या यह सत्य नहीं कि पृथ्वी पर धर्म के नाम पर मुसलिम वर्चस्व थोपने का षड्यंत्र विगत दस-बारह सौ वर्षों से चला आ रहा है? क्या यह सत्य नहीं कि इस षड्यंत्र के अंकुर आधुनिक और उत्तराधुनिक काल में पहले से अधिक व साधन-संसाधन-सुविधाओं के साथ फल-फूल रहे हैं? क्या यह भी सत्य नहीं कि मुसलिम धार्मिक विकृतियों पर पूर्ण प्रतिबंध हेतु कालांतर से राजनीतिक स्वार्थ के कारण विचार ही नहीं किया गया और ऐसी विकृतियों से बुरी तरह प्रताड़ित मानवीय जीवन को सदैव तिरोहित ही रखा गया। क्या यह सबसे अधिक कटु सत्य नहीं कि भारत कांग्रेस राज में इसलामीकरण की दिशा में तेजी से बढ़ने लगा था और हिन्दुओं का धर्म, संस्कृति, लोक-जीवन, लोक-व्यवहार व हिन्दू परिवार नितांत भय में जीवन व्यतीत करने को विवश होने लगे थे? क्या यह सब ट्रंप या किसी अन्य व्यक्ति को भारतीय समाज में, विशेषकर जम्मू एवं कश्मीर के भारतीय समाज में हिन्दू-मुसलिम संघर्ष का धर्माधारित वर्गीकरण करने की अंतर्दृष्टि प्रदान नहीं करता? यदि भारत और दुनिया के राजनेताओं से लेकर आम लोग इस सत्य से अवगत होते हुए भी इस पर स्पष्ट राय नहीं रख रहे थे, तो क्या यह दुनिया, भारत और जम्मू-कश्मीर के लिए लाभकारी स्थिति थी? जो लोग ट्रंप के हिन्दू-मुसलिम वाले वक्तव्य पर भारतवर्ष की ओर से विचलित हो रहे हैं, क्या उन्हें ज्ञात नहीं कि उनके विचार पर भारत के अधिसंख्य लोग पूर्णतया असहमत हैं। इस संदर्भ में बड़ी भारी विडंबना यह है कि भारत-पाक के बीच मध्यस्थता करनेवाले ट्रंप के तीन प्रस्तावों व कश्मीर के संबंध में उनके हिन्दू-मुसलिम वक्तव्य पर भारत सरकार इतनी चिंतित नहीं, जितनी एक खास राजनीतिक और मीडिया बिरादरी और उसके अंधानुकरणकर्ता हैं। जिस प्रकार ट्रंप को चीन सहित दुनिया के दूसरे देशों के साथ व्यापारिक बाधाओं के लिए उत्तरदायी माना जा रहा है, उन्हें ईरान, उत्तर कोरिया, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और दूसरे देशों के साथ उभरती कई तरह की वैश्विक समस्याओं के लिए दोषी बताया जा रहा है और उन पर षड्यंत्रपूर्वक अमेरिका से लेकर भारत तक निराधार आक्षेप-आरोप लगाए जा रहे हैं, उससे सिद्ध होता है कि दुनिया के सर्वाधिक शक्तिशाली राष्ट्र का संचालन दक्षिणपंथी नेता के हाथ में आने के बाद दुनियाभर के वामपंथी कितने विक्षिप्त हो गए हैं।

**विकेश कुमार**

स्मरण करिए जब अमेरिका में दीर्घावधि तक डेमोक्रेटिक दल की सरकारें सत्तारूढ़ थीं उसी समयावधि में भारत-पाक के बीच करगिल युद्ध से लेकर दोनों देशों की सीमा पर न जाने कितनी बार संघर्ष विराम का उल्लंघन हुआ और भारत में आतंकवादी हमले हुए और इन सभी घटनाओं पर अमेरिका ने विश्व के सर्वाधिक शक्तिशाली राष्ट्र होने के अधिकार से अनेक हस्तक्षेप किए, अनेक बार दोनों देशों के बीच मध्यस्थता की और कश्मीर को लेकर न जाने कैसे-कैसे अनुचित वक्तव्य दिए, परन्तु घोर आश्चर्य यह कि इस सबका भारत को कोई विशेष लाभ नहीं हुआ और न ही तब दुनिया और भारत के वामपंथियों के लिए यह स्थिति चिंताजनक न थी। वे इस स्थिति में सहज थे। जार्ज बुश से लेकर ओबाम तक सभी उन्हें वैश्विक संत प्रतीत होते थे। इस आलेख के संदर्भ में थोड़ा उन दिनों को भी याद कर लिया जाए जब मोदी के सत्तारूढ़ होने के बाद 2015 में 26 जनवरी के मुख्य अतिथि बन भारत पधारे तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भारत व विश्वभर के एनजीओ, मानवाधिकार संगठनों के उकसावे में मोदी को कहा कि भारत धर्मनिरपेक्षता सिद्धांत का पालन नहीं कर रहा और यहां अल्पसंख्य समुदाय के साथ बड़े पैमाने पर अत्याचार हो रहे हैं। भारत में अतिथि के रूप में उपस्थित ऐसे वक्तव्य देनेवाले ओबामा से तब किसी को कोई दिक्कत नहीं हुई, क्यों भला? क्या इसलिए कि वे विश्वभर के वामपंथियों के अमेरिका स्थित सबसे बड़े संरक्षक और सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक राजनीतिक दल के राष्ट्रपति थे? चलो यह मान भी लिया जाए कि ट्रंप दक्षिण एशिया में भारत, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के संबंध में परंपरागत अमेरिकी वर्चस्व के मार्ग पर चलते हुए प्रतीत होते हैं, तो क्या अमेरिका ही एकमात्र देश है जो ऐसा कर रहा है? अपनी शक्ति और आर्थिक अधिकारों के बूते विश्व का हर विकसित और विकासशील देश इसी चरित्र के साथ प्रगतिवाद के ध्वजवाहक बना हुआ है।

भारत में राजनीति, मीडिया और आम लोगों का चरित्र समझ से परे है। कश्मीर के संदर्भ में जब हम चीन के विरोध में वैश्विक कूटनीति को धार देने पर लगे हुए हैं, तो उसी समय अमेरिका के राष्ट्रपति को एक खास विरोधी मानसिकता के साथ संकीर्णता भरी दृष्टि से देखना कहां तक उचित है?

# मानवता को शर्मसार करती रैगिंग की घटनाएं



-आशीष वशिष्ठ



यूपी के जनपद इटावा के सैफई मेडिकल विश्वविद्यालय से रैगिंग की शर्मनाक खबर सामने आई है। रैगिंग के चलते डेढ सौ छात्रों के सिर मुंडवा दिए गए। रैगिंग की खबर कैम्पस की चहारदीवारी से बाहर निकलते ही, सैफई से लखनऊ शासन तक हडकंप और खलबली मच गई। वो अलग बात है कि कैरियर के डर के चलते छात्रों ने पुलिस और कुलपति के सामने किसी की शिकायत नहीं की। लेकिन एक साथ सौ से अधिक छात्रों का सिर मुंडाना और हॉस्टल से कक्षा और कैंटीन तक सिर झुकाकर चलना, सारी कहानी बयां करता है। रैगिंग की खबर सहारनपुर में शेखुल हिंद मौलाना महमूद उल हसन मेडिकल कॉलेज से भी आ रही है। पिछले साल भी शेखुल हिंद मौलाना महमूद उल हसन मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का मामला प्रकाश में आया था। सीनियर छात्रों ने 2018 बैच के 40-45 छात्रों के बालों को गलत तरीके से काट दिये थे। रैगिंग केवल यूपी ही नहीं, बल्कि पूरे देश की समस्या है। रैगिंग के एक केस में हिमाचल के एक मेडिकल छात्र अमन काचरू ने आत्महत्या कर ली थी, नतीजे में दोषी सीनियर्स को जेल जाना पड़ा। मुद्दा देश भर में मशहूर हुआ पर ऐसा नहीं कि इससे रैगिंग रुक गई हो। अब तो आए दिन ऐसी खबरें सामने आती रहती हैं, जिनमें विद्यार्थी रैगिंग की वजह से तनाव और अवसाद का दंश झेल रहे हैं। भारत में रैगिंग का इतिहास डेढ़ सौ से दो सौ वर्ष पुराना है। रैगिंग का जन्म यूरोपीय देशो में हुआ था। अमेरिकी अंग्रेजी में इसका अर्थ मजाक है। रैगिंग मुख्यतः सेना में की जाती थी, जहां जूनियर को सीनियर की दासता अंध भक्ति सिखाने के लिए ऐसा करना पड़ता था। रैगिंग के जरिए सीनियर के गलत कार्यों पर भी जूनियर द्वारा प्रश्न व विरोध करने की क्षमता को समाप्त किया जाता था ताकि वे अंग्रेज राज के अंध भक्त, सोच समझ व विद्रोही स्वभाव न रखने वाला एक आज्ञाकारी गुलाम सैनिक बन सके। सेना से ये प्रथा पब्लिक स्कूलों, विश्व विद्यालायों, मेडिकल, इंजीनियरिंग व तकनीकी शिक्षण संस्थानों में घुसपैठ कर गई। सातवें दशक में विश्व विद्यालयों की धड़ाघड़ स्थापना होने के वक्त ही रैगिंग भारत में प्रचलित हुई।

किसी जमाने में विद्यार्थी एक दूसरे से परिचय होने के लिए रैगिंग का प्रयोग करते थे। जिसमें प्रश्न और उत्तरों के माध्यम से केवल हंसी-ठिठौली होती थी। मानसिक उत्पीड़न का काम नहीं होता था। वर्तमान परिदृश्य मे रैगिंग की परिभाषा पूरी तरह से बदल चुकी है। अब रैगिंग का मतलब है जूनियर छात्रों पर सीनियर छात्रों की दादागिरी, जूनियर छात्रों पर वर्चस्व एवं अभद्र व्यवहार, मानसिक उत्पीड़न के साथ शारीरिक उत्पीड़न। नतीजतन छात्र-छात्राएं अवसाद की गिरफ्त में आकर आत्महत्या तक करने लगे है। सीनियर छात्र नये छात्रों को तंग करना अपना संवैधानिक अधिकार समझते हैं। ड्रेस कोड, अशलील फूहड़ मजाक, दिअर्थी शब्दावली का प्रयोग व वार्तालाप, ऊट-पटांग हरकतें, किसी अनजान लडकी को प्रोपोज करना, नशे की हालत में ड्राइविंग के लिए मजबूर करना, हास्टल रैगिंग आदि रैगिंग के घिनौने रूप हैं। नया सत्र शुरू होते ही सीनियर छात्रों को कालेज में नये जन्तु नजर आते हैं। इस दौरान अगर आपको कालेज जाने का अवसर मिले तो सीनियर व जूनियर को पहचानने में आपको ज्यादा मशक्कत नहीं करनी होगी। प्रोफेशनल पाठयक्रम वाले संस्थानों यथा मेडिकल, इंजीनियरिंग, तकनीकी शिक्षा एवं मैनजमेंट कालेज में रैगिंग सबसे अव्वल नम्बर पर होती है। साल 2017 में एक सर्वे के अनुसार भारत के लगभग 40 फीसदी छात्रों को किसी न किसी रूप में रैगिंग और धमकाने का सामना करना पड़ा। जिसमें से यह चिकित्सा और इंजीनियरिंग कॉलेजों में इसका प्रकोप ज्यादा है। पहले रैगिंग में केवल लड़के ही ज्यादा हिस्सा लिया करते थे लेकिन अब लड़कों से ज्यादा लड़कियां हिस्सा लेती है। यह आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं क्योंकि यह डाटा रैगिंग के खिलाफ सख्त कानून बनने के बावजूद आया है।

18 अप्रैल 2012 से लेकर 23 अगस्त 2019 तक लगभग सात सालों में रैगिंग की 4893 शिकायतें सामने आई हैं। रैगिंग की 105 शिकायतें अभी कॉल सेंटरों में दर्ज हैं तो 6 मामले मॉनिटरिंग एजेंसी के पास लंबित हैं। वहीं 13 केस यूजीसी के पास चल रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले सात साल में 54 छात्रों ने रैगिंग की वजह से अपना जीवन ही खत्म कर लिया। रैगिंग के खिलाफ बनाए गए एंटी रैगिंग कॉल सेंटर में दर्ज कराए गए केसों के आधार पर देखा जाए तो 11 सालों में कुल 6,187 केस दर्ज हुए. 2018 में सबसे ज्यादा केस (1,078) दर्ज हुए। 2007 की एक रिपोर्ट के अनुसार रैगिंग के कारण शारीरिक रूप से घायल छात्रों के मामलों की संख्या 42 थी और इसी वर्ष 7 छात्रों ने रैगिंग से अपनी जान तक गंवा दी। और प्रतिवर्ष ये आंकड़े बढ़ते ही जा रहे हैं। राज्यवार रैगिंग के स्तर को देखा जाए तो सबसे ज्यादा आबादी वाला उत्तर प्रदेश इस मामले में सबसे खराब राज्य साबित हुआ। पिछले 10 सालों में यूपी में कुल रैगिंग के 1,078 मामले दर्ज हुए। 2018 में सबसे ज्यादा 180 मामले सामने आए। पश्चिम बंगाल का नंबर इसके बाद आता है और यहां पर 10 सालों में 721 मामले दर्ज हुए, जिसमें 119 मामले 2018 में सामने आए थे।

रैगिंग भारतीय शिक्षा संस्थानों की कड़वी सच्चाई है। लगभग हर छोटे-बड़े कॉलेजों में किसी न किसी तरीके से रैगिंग होती है। बावजूद इसके कालेज प्रशासन घटनाओं का सारा प्रयास घटनाओं को छुपाने, ढकने और नकारने का होता है। एमसीआई ने सैफई मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से रैगिंग की घटना को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं सहारनपुर के शेखुल हिंद मौलाना महमूद उल हसन मेडिकल कॉलेज में रैगिंग की बात सामने आने पर कालेज प्रशासन ने रैगिंग के आरोपी छह छात्रों को तीन महीने के लिये निलबिंत कर दिया है। कालेज प्रशासन बदनामी व तमाम तरह की बंदिशों से बचने के लिये मामला छुपाने में ज्यादा ऊर्जा खपाता है। कालेज प्रबंधन की यही मनोवृति रैगिंग करने वालों का हौसला बढ़ाती है। हमारे देश में इंडियन पेनल कोड, हायर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस में रैगिंग की रोकथाम के लिए यूजीसी रेगुलेशन्स, 2009 और अन्य गवर्नमेंट बॉडीज के रैगिंग से निपटने के लॉज और नियमों जैसे कि, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन और मेडिकल काउंसिल ऑफइंडिया ने रैगिंग से निपटने के लिए अपने रेगुलेशन्स तैयार किये हैं जिनके मुताबिक कानूनी कारवाई की जा सकती है। 1997 में तमिलनाडु में विधानसभा में पहला एंटी रैगिंग कानून पास किया गया। उसके बाद साल 2001 में सुप्रीम कोर्ट ने रैगिंग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया। समस्या के विकराल स्वरूप को देखते हुए ही अधिकांश राज्यों ने रैगिंग को प्रतिबंधित किया है।

# हिंसा की श्रेणी

जीवन दर्शन

एक बार इलाहाबाद के 'आनन्द भवन' में गांधीजी नेहरू परिवार के अतिथि थे। उन्होंने स्नान के लिए जवाहरलाल नेहरू से पानी भेजने के लिए कहा। तुरन्त स्नानघर में दो बाल्टी पानी रख दी गई। गांधीजी ने एक बाल्टी पानी लौटा दिया। यह देख जवाहरलाल नेहरू ने कहा, 'बापू, यह गंगा-यमुना की नगरी है। यहां पानी की कमी नहीं है।' गांधीजी ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, 'ज़रूरत से ज्यादा किसी चीज़ का उपयोग कर हम किसी ज़रूरतमंद को उसके प्राप्य से वंचित कर देते हैं। ऐसे काम मेरे अनुसार हिंसा की श्रेणी में आते हैं।'

# हमारे वीर नायक

**देश की रक्षा में जुटे हमारे वीर सैनिकों के जीवन के विभिन्न घटनाक्रमों से जुड़े स्मृति दिवस पर हम उन्हें नमन करते हैं।**




24 अगस्त 2000, जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फेंट्री के हवलदार चुन्नी लाल ने अपने जीवन की चिंता न करते हुए दुश्मन की पोस्ट पर कब्जा कर लिया और आमे सामने की लड़ाई में दुश्मन के 12 सैनिकों का काम तमाम कर दिया। उन्हें वीरचक्र से सम्मानित किया गया।

## प्रदेश में बरसात ने बरपाया खूब कहर

# बारिश से लोनिवि को 482 करोड़ का नुकसान, 311 सड़कें अवरुद्ध

### भू-स्खलन से अभी भी 300 से अधिक सड़कें ठप, यातायात बहाली को लगी 276 मशीनें

**शिमला/पी.सी.लोहमी**

**हिमाचल** प्रदेश में बरसात ने खूब कहर बरपाया है। बरसात के मौसम में लोक निर्माण विभाग को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश व भूस्खलन के कारण कई सड़कें व पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं। अब तक विभाग को 482 करोड़ का नुकसान आंका गया है। भूस्खलन से अभी भी राज्य भर में 300 से अधिक सड़कें ठप्प हैं। इन सड़कों पर यातायात बहाल करने के लिए 276 मशीनें लगाई गई हैं। करीब डेढ़ माह से राज्य में बरसात का रौद्र रूप देखा जा रहा है। बीते 17 व 18 अगस्त को मुसलाधार बारिश से भारी तबाही हुई थी और प्रदेश में 1000 सड़कों पर आवागमन ठप्प हो गया था। बरसात के मौसम में अभी तक कई दिन शेष है। इसके चलते नुकसान का आंकड़ा 500 करोड़ पार कर सकता है। लोकनिर्माण विभाग के अधीक्षण



अभियंता अजय कपूर ने शनिवार को बताया कि भूस्खलन से सबसे अधिक 131 करोड़ का नुकसान शिमला जोन में हुआ है। इसके अलावा मंडी जोन में 103 करोड़, हमीरपुर जोन में 99 करोड़ और कांगड़ा ज़ोन में 96 करोड़ की क्षति हुई। इसी तरह लोकनिर्माण विभाग को करीब 53 करोड़ का नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि बारिश से हुए भूस्खलन के कारण शनिवार शाम तक 311 सड़कें बंद रहीं। मंडी जोन में 175, शिमला जोन में 94, हमीरपुर जोन में 25 और कांगड़ा जोन में 14 सड़कें बाधित हैं। इनकी बहाली के लिए 214 जेसीबी, 53 टिप्पर और 19 डोज़र लगाए गए हैं। इस बीच राज्य के अधिकांश स्थानों में शनिवार को भी गरज़ के साथ बारिश हुई। राजधानी शिमला व आसपास के इलाकों में बाद दोपहर आधा घण्टे तक तेज बारिश का दौर चला। मौसम विभाग के निदेशक मनमोहन सिंह ने बताया कि आगामी 30 अगस्त तक मानूसन की सक्रियता से राज्य के विभिन्न इलाकों में बारिश का अनुमान है।

# पर्यावरण की सुरक्षा जीवन के लिए आवश्यक : न्यायामूर्ति धर्म चन्द

### ग्राम पंचायत कुंहर में देवदार का पौधा लगाकर पौधरोपण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**सोलन/प्रताप भारद्वाज**

**हिमाचल** प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायामूर्ति धर्म चन्द चौधरी ने युवाओं का आह्वान किया है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पूर्ण सजगता के साथ कार्य करें क्योंकि पर्यावरण की सुरक्षा पृथ्वी पर मानव जीवन के अस्तित्व के लिए आवश्यक है। न्यायामूर्ति धर्म चन्द चौधरी आज सोलन जिला के अर्की उपमण्डल की ग्राम पंचायत कुंहर के घड़ियाच में पौधरोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोलन के तत्वावधान में किया गया। न्यायामूर्ति धर्म चन्द चौधरी ने देवदार का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर घड़ियाच मे देवदार तथा बाण के करीब 1100 पौधे रोपे गए। इस पौधरोपण कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों के करीब 500 विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। न्यायामूर्ति धर्म चन्द चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता न केवल मानव



जीवन के लिए बल्कि सृष्टि की प्रत्येक उत्पत्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार का ही नहीं बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के साथ-साथ हम सभी का उत्तरदायित्व है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि रोपे गए पौधों की देखभाल भी सुनिश्चित करें ताकि पौधे वृक्ष बन सकें। न्यायमूर्ति धर्म चन्द चौधरी ने कहा कि प्राचीन समय में वनों एवं वन्य जीवों तथा वनस्पति का संरक्षण सभी का सामूहिक उतरदायित्त्व होता था एवं वनों को जीवनदायी माना जाता था। भारतीय संस्कृति में वृक्षों की पूजा का मुख्य कारण भी पर्यावरण संरक्षण ही है। जल, जंगल एवं जमीन का संरक्षण भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठजनों के वनों की सुरक्षा के अनुभव वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकते हैं। प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हरित आवरण आवश्यक है। हरित आवरण में सत्त वृद्धि के लिए हमें न केवल वृक्षों के अवैज्ञानिक एवं अंधाधुंध कटान पर रोक लगानी होगी अपितु युवाओं को वन संरक्षण के महत्व को भी समझाना होगा। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर विचार व्यक्त किए गए। इन छात्रों को न्यायामूर्ति धर्म चन्द चौधरी द्वारा पुस्तकें भेंट की गई। उन्होंने सभी छात्रों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन के अध्यक्ष भूपेश शर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोलन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव गुरमीत कौर एवं हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेन्द्र ठाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। न्यायामूर्ति धर्म चंद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रोमिला चौधरी , हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रेमपाल रांटा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सोलन राजेश चैहान, मोबाईल यातायात दण्डाधिकारी सोलन एवं सिरमौर गौरव महाजन, सिविल जज अर्की प्रशांत सिंह नेगी, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पूर्ण चंद, उप पुलिस अधीक्षक दाड़लाघाट संजीव भूषण, वन मंडल अधिकारी कुनिहार सतीश नेगी, ग्राम पंचायत कुंहर की प्रधान कमलेश कुमारी, बीडीसी सदस्य कांता देवी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार कार ने मजदूर को कुचला, हालत नाजुक

**शिमला/ऊषा शर्मा**

**राजधानी** के सदर थाना अंतर्गत कार्ट रोड पर हुए हादसे में नेपाली मूल का एक मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे आइजीएमसी अस्पताल में भर्ती किया गया है। यह हादसा शनिवार प्रातः 9 बजे तेज़ रफ़्तार कार के नियंत्रण खोने की वजह से हुआ। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक सब्ज़ी मंडी-कार्ट रोड सड़क पर एक कार बेकाबू हो गई और सड़क किनारे चल रहा मजदूर इसकी चपेट में आ गया। मजदूर ने अपनी पीठ पर सब्ज़ी उठा रखी थी। कार की टक्कर से उसके सिर पर काफी चोट लगी है और अधिक मात्रा में खून बह गया। गम्भीर अवस्था में मजदूर को आइजीएमसी अस्पताल ले जाया गया है और उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। संतुलन खोने के बाद कार सड़क किनारे खड़ी एक पिकअप से जा टकराई। इस घटना में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हुए। डीएसपी हैडक्वार्टर प्रमोद शुक्ला ने बताया कि कार संख्या (॥क्क 62,क्क 0599) के चालक की लापरवाही से हादसा हुआ है। इसे लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है और हिरासत में लेकर आरोपी चालक से पूछताछ की जा रही है।

### दवाई खरीदने पहुंची महिला का पर्स चोरी

**ऊना/ममता भनोट** : बस स्टैंड ऊना के समीप स्थित एक कैमिस्ट की शॉप पर दवाई लेने पहुंची एक महिला का पर्स चोरी हो गया। जिसमें करीब चार रुपये की राशि सहित कुछ अन्य कागज थे। महिला का पर्स एक अज्ञात महिला ने बड़ी चतुराई से चुराते हुए फरार हो गई। पूरी वारदात कैमिस्ट की शॉप में लगी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें शातिर द्वारा महिला का पर्स निकालते हुए साफ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

**यातायात व्यवस्था को लेकर की बैठक** : रोड़ सेफ्टी क्लब बंगाणा की बैठक सतीश शर्मा की अध्यक्षता में बंगाणा थाना परिसर में संपन्न हुई। बैठक के दौरान यातायात व्यवस्था पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बंगाणा में वाहनों की पार्किंग का मुद्दा भी बैठक के दौरान उठा। इस बैठक में एसएचओ बंगाणा कमलनैन शर्मा, एएसआई प्रेमपाल, रोड़ सेफ्टी क्लब के उपप्रधान मोहम्मद जावेद, विनय कुमार, मदन गोपाल, सुशील कुमार, रजिंद्र कुमार व प्रकाश चंद समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आढ़तियों ने प्रदेश भाजपा सरकार का जताया आभार

- सरकार को दी जा रही थी गलत जानकारी : सैणी
- कहा, उत्पादकों से नहीं ली जाती कोई फीस

**मंडी/पुंछी** : फल सब्जियों पर मंडियों में आढ़तियों द्वारा ली जाने वाली कमीशन को सरकार द्वारा 5 फीसदी से घटाकर 2 फीसदी करने के प्रस्ताव को वापस लेने पर आढ़ती एसोसिएशन गदगद है और खुशी जाहिर करते हुए उन्होने इसके लिए प्रदेश सरकार का तहे दिल से आभार जताया है। शनिवार को मंडी में जारी ब्यान में मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान दीना नाथ सैणी ने पहले की तरह कमीशन को 5 प्रतिशत ही जारी रखने के निर्णय पर मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर, कृषि मंत्री राम लाल मारकंडे व प्रदेश मार्केट कमेटी चेयरमैन बलदेव भंडारी का आभार जताया है। दीना नाथ सैणी ने कहा कि सरकार को गलत जानकारी दी जा रही थी कि यह आढ़त फल व सब्जी उत्पादक किसानों से ली जाती है जबकि सच्चाई यह है कि किसी भी किसान उत्पादक से कोई कमीशन नहीं ली जाती बल्कि जो माल दुकानदारों को बेचा जाता है केवल उनसे ही कमीशन ली जाती है। इसी के चलते सरकार ने इस बारे में प्रस्ताव किया था मगर किसान, बागवान व उत्पादक हितैषी प्रदेश की जय राम सरकार को जब सच्चाई का पता चला तो उसने कमीशन कम करने के प्रस्ताव को तुरंत वापस लेकर पहले की स्थिति को ही बहाल रखने के आदेश जारी किए।

## बस स्टैंड के बाहर नशेड़ियों का हुड़दंग

**ऊना/ममता भनोट** : बस स्टैंड ऊना के समीप रात के अंधेरे में नशेड़ियों ने दुकानदारों व यात्रियों को परेशान कर दिया है। आए दिन नशे में चूर शराबी किसी ने किसी से मारपीट व गाली ग्लोच करते है। इसका ताजा उदाहरण शुक्रवार रात को देखा गया, जब दो नशे में चूर युवकों ने खूब हो हल्ला किया। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों को काबू कर अपने साथ ले गई। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात बस स्टैंड के बाहर एकता ढाबे के समीप एक युवक ने काफी देर तक शराब पीकर गाली ग्लोच की व हुडदंग मचाया। इसी दौरान वह सड़क पर भी लेट गया। आस-पास के दुकानदारों ने काफी देर तक समझाया, लेकिन नहीं माना। इसके कुछ देर बाद एक ओर प्रवासी युवक नशे में धुत्त होकर पहुंच गया। जिसने भी काफी ड्रामा किया। प्रवासी युवक कभी पत्थर लेकर खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़ने की धमकी देने लगा, तो कभी एचआरटीसी की बसों के पीछे लटक कर सवारियों को तंग करने लगता। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद पुलिस दोनों को अपने साथ ले गई। नगरवासियों ने एसपी ऊना से यह अनुरोध किया है कि रात के समय मोबाइल टीम की गश्त बढ़ाई जाए, ताकि किसी को परेशानी न पेश आए।

### माहन देव मंदिर में 2 को मनाई जाएगी नाग पंचमी

**मंडी/पुंछी** : हर साल की तरह इस साल भी नाग पंचमी का त्यौहार तहसील कोटली के प्रख्यात धार्मिक स्थल माहन देव मंदिर परिसर में मनाया जाएगा जो 2 सितंबर को होगा। श्रीमाहन देव मंदिर कमेटी के प्रवक्ता गुलाब सिंह ठाकुर ने बताया कि नाग पंचमी के दिन शाम को तीनों हारियों के लोग मंदिर में इकट्ठे होकर रात भर भजन कीर्तन करेंगे तथा 3 सितंबर को प्रात: देव वाणी (शह) का आयोजन होगा। 2 सितंबर शाम को सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारा भी होगा।भंडारे का आयोजन गोपाल सिंह प्रधान ग्राम पंचायत खलाणू, भाग सिंह गांव चेला व अनिल कुमार गांव द्रुब्बल द्वारा किया जा रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि 2 सितंबर शाम को आम जनता द्वारा देवता की नई कमेटी का गठन भी किया जाएगा क्योंकि वर्तमान कमेटी का कार्यकाल खत्म होने वाला है। नई कमेटी का कार्यकाल 5 साल का होगा। मंदिर कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि व नाग पंचमी के दिन अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर इस पुण्य कार्य में अपना सहयोग दें।

### दुकान से 4 पेटी अवैध शराब बरामद

**ऊना/ममता भनोट**: **पुलिस** चौकी मैहतपुर के तहत इंडस्ट्री एरिया के समीप स्थित एक दुकान ने पुलिस की एसआईयू टीम ने शराब की खेप बरामद की है। पुलिस ने दुकान से 4 पेटी देसी शराब सहित दुकान मालिक को गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को पुलिस की एसआईयू टीम में शामिल विकासदीप, सुरेश व अजय ने गुप्त सूचना के आधार पर इंडस्ट्री एरिया मैहतपुर के समीप स्थित एक दुकान पर छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान काऊंटर के पीछे छिपाकर रखी शराब बरामद हुई। शराब की कुल मात्रा 4 पेटी थी, जो कि देसी मार्का था। पुलिस ने अवैध शराब रखने के आरोप में दुकानदार महेंद्र सिंह निवासी बसदेहड़ा को गिरफ्तार किया है। डीएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है। अवैध शराब को पुलिस ने कब्जे में लिया है।

## जहर निगलने से महिला की मौत, किशोरी उपचाराधीन

### पुलिस ने मामले को लेकर शुरू की जांच

**ऊना/ममता भनोट** : सदर थाना ऊना के तहत दो अलग-अलग जगहों पर एक महिला व एक किशोरी ने गलती से कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। महिला की पीजीआई ले जाते समय मौत हो गई, जबकि किशोरी को उपचार के लिए ऊना अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतक महिला की पहचान मीना निवासी कुठार कलां के रूप में हुई है। पुलिस ने महिला के शव का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार कुठार कलां गांव निवासी मीना महिला ने शनिवार को गलती से काई जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी तबीयत बिगडने़ लगी। ऐसे में परिजनों ने महिला के उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद चकित्सकों ने महिला को पीजीआई रेफर कर दिया, पीजीआई ले जाते समय महिला की रास्ते में मौत हो गई। इसके अलावा देहलां गांव में भी 5 वर्षीय प्रवसी किशोरी ने गलती से कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। इस दौरान किशोरी की तबीयत बिगडने़ पर परिजनों ने उसे तुरंत ऊना अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चकित्सकों की देख रेख में किशोरी की उपचार जारी है। हालांकि महिला के जहरीला पदार्थ निगलने के कारणों का पता नहीं चला है। उधर, डीएसपी अशोक वर्मा का कहना है कि पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भरगांव के विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

**मंडी/पुंछी** : राजकीय उच्च पाठशाला भरगांव के विद्यार्थियों द्वारा विद्यार्थी वन मित्र योजना के तहत गांव बडयार में वन विभाग की भूमि पर लगभग 550 पौधों का रोपण किया गया। पाठशाला के मुख्याध्यापक रमेश कुमार ने बताया कि इस पौधरोपण कार्यक्रम के मौके पर पाठशाला के सभी शिक्षक, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, स्टाफ व वन विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### अरुण जेतली के निधन से व्यापारी समुदाय को गहरा दुःख

**धर्मशाला/विजयेन्द्र शर्मा** : अरुण जेतली के निधन से व्यापारी समुदाय को गहरा दु:ख हुआ क्योंकि वे व्यापारियों के सच्चे मित्र थे जो हमेशा हमारे साथ खड़े थे चाहे वह सर्वोच्च न्यायालय हो या संसद। मुखरता की उच्च क्षमताओं के साथ विशाल ज्ञान वाला एक सच्चे मार्गदर्शक और व्यापारियों के संरक्षक श्री जेटली चाहे किसी भी पद पर रहे हों लेकिन व्यापारिक विषयों के लिए हमें फोन कॉल पर भी हमेशा उपलब्ध थे। वह इतने विनम्र थे कि वित्त मंत्री के रूप में एकतरफा जीएसटी को लागू करने के बजाय, उन्होंने पहले हमसे व्यापारियों का सहयोग माँगा और उन्होंने अपने वादे के अनुसार जीएसटी में बड़ी संख्या में संशोधन किए और इसे एक व्यापारी हितैषी कानून बनाने का पूरा प्रयास किया ।वह हमेशा सुझावों के लिए खुले थे और इतना बड़ा व्यक्तित्व होते हुए भी अगर किसी बिंदु पर उनकी सोच ठीक नहीं होती थी तो उसे स्वीकार करने में कोई देर नहीं करते थे जो दिखाता है कि वह किसी भी अहंकार से परे थे । हम यह नहीं भूल सकते कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के व्यापारियों पर सीलिंग के मामले केस लड़ने पर एक भी पैसा भी वसूल नहीं लिया और जब हमने जोर देकर पैसे देने को कहा तो उन्होंने हमसे कोई पैसा लेने से इनकार कर दिया। व्यापारी समुदाय उन्हें हमेशा एक सच्चे दोस्त के रूप में याद रखेगा।

### द प्रेजिडियम स्कूल में फोड़ी मटकी

**ऊना/ममता भनोट** : द प्रेजिडियम स्कूल चौकिमन्यार में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोउल्लास से मनाया गया। इस दौरान बच्चों में कार्ड व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। स्कूल में भव्य मंदिर बनाया गया। राधा कृष्ण की वेषभूशा में बच्चों ने सबका मन मोह लिया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की झांकिया निकली गयी। वहीं दही की मटकी भी फोड़ी गयी। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमेन सतपाल शर्मा, एमडी तरुण शर्मा, प्रधानाचार्य जुबिना, अध्यापिका पूजा शर्मा, मिस ज्योती, सुजाता ठाकूर, नीलम, महेश खन्ना उपस्थित रहे।

### क्रांतिकारी शहीद राजगुरु को किया याद

**ऊना/ममता भनोट** : महान क्रांतिकारी शहीद राजगुरु के जन्मदिवस पर शहीद भगत सिंह क्लब अंबोटा ने याद किया। प्रधान जगजीत सिंह ने कहा कि हमें शहीदों को हमेशा याद रखना चाहिए। क्लब सदस्यों पटेल सिंह, सरवजीत सिंह, मनीष ठाकुर, विकास, मनजीत, प्रभजोत, सुखप्रीत, शम्मी सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 15 दिन तक लगेंगे बिजली के कट

**ऊना/ममता भनोट** : दौलतपुर के कुछ गांवों में आने वाले 15 दिनों में बिजली रुक–रुक कर बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए विद्युत उपमंडल के एसडीओ अशोक परमार ने बताया कि चलेट से गणु मंडवाड़ा तक रोड़ चौड़ा करने का काम चला हुआ है। जिस में बिजली बिजली के पोल और लाइन शिफ्ट किए जा रहे हैं। जिस कारण दौलतपुर बाजार, बबेहड़, रायपुर, मारवाड़ी, गणु मंडवाड़ा में बिजली रुक–रुक कर बाधित रहेगी। उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील है।

### सुरेंद्र बने अध्यापक संघ के प्रधान

हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ ऊना ब्लॉक का त्रिवार्षिक चुनाव शनिवार को रावमापा कन्या ऊना में हुआ। चुनाव कमेटी में संघ के इलेक्शन ऑफिसर डा.किशोरी लाल, सहायक इलेक्शन ऑफिसर, नीलम सैनी तथा निरिक्षक कपिल पावला शामिल रहे। जिसमें सर्वसम्मति से सुरेंद्र कुमार को प्रधान की जिम्मेवारी दी गई। वहीं नीलम सैनी को जनरल सैक्टरी चुना गया। इस असवर पर हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष संजीव ठाकुर, विनोद कुमार, किशोरी लाल, कपिल पावला, विक्रम सैनी, राजन शर्मा, सुरेंद्र नीलम सैनी, किरण बाला, किशन शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### मेरे श्याम मुरली वाले पर झूमे श्रद्धालु

ऊना के गांव चताड़ा में श्रीराधा कृष्ण मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर एक शाम कन्हैया के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जम्मू से पहुंची गायिका पारुल कश्यप ने श्रीकृष्ण की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने सबसे पहले गणेश वंदना, श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, मुझे चरणों से लगा ले मेरे श्याम मुरली वाले, श्रीराधे राधे, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, डमरू बाले भोले दी बारात सहित अन्य भजन पेश किए। वहीं इस मौके पर बाल लीलाओं का झांकियां निकालकर वर्णन किया गया।

### अमृतेश्वर में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के तहत खुरवाई के अमृतेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार रात्रि जन्माष्टमी पर्व बड़े धूम–धाम से मनाया। इस मौके पर भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म व लीलाओं का गुणगान किया। मंदिर पुजारी संजीव शर्मा ने बताया कि पूरी रात मंदिर में श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी से गूंजता रहा। वहीं इस दौरान सभी कृष्ण भक्तों में प्रसाद भी बांटा गया। इस मौके पर रोशन लाल, सोनू, विजय शर्मा, योगराज, सूबेदार मेजर सुरजीत सिंह सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बुरे दौर से गुजर रही देश की अर्थव्यवस्था : महेश्वर

**धर्मशाला/विजयेन्द्र शर्मा**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के महासचिव महेश्वर चौहान ने कहा कि मोदी सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन एवं गलत नीतियों की वजह से आज देश आर्थिक मंदी का शिकार हो गया है। बेरोजगारी ने देश में विकराल रूप धारण कर लिया है। देश की अर्थव्यवस्था एक बुरे दौर से गुजर रही है । उन्होंने कहा कि भाजपा का एक साल में दो करोड़ लोगों को नौकरियां ना देने का वादा झूठा साबित हुआ जबकि सच्चाई है कि जब से मोदी सरकार बनी है लगातार देश में नौकरियां/रोजगार छिने हैं। सरकार इस दिशा में अब तक कोई भी ठोस नीति और कार्यक्रमम नहीं बना पाई। उन्होंने कहा कि सेंटर आफ मानिटरिंग इंडियन इकोनॉमी की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2018 में हिंदुस्तान में 11 मिलियन लोगों ने नौकरियां गंवायीं। जिन्होंने अपनी नौकरियां गवाईं उनमें महिलाएं,अनपढ़, दिहाड़ी मज़दूर,कृषि मज़दूर और छोटे व्यापारी शामिल है। अधिकतर नौकरियां कृषि आधारित इलाक़ों में गयी है। लगातार 2016 में नोटबंदी के बाद असंगठित क्षेत्र के मज़दूर,खेत श्रमिकों छोटे कारोबारियों के रोजगार छिने इस आर्थिक त्रासदी से देश का ऑटो सेक्टर भी अब तक के सबसे बुरे दौर से झूझ रहा है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के अनुसार पिछले



साल में पैसेंजर वहिकल के क़रीब 200 डीलर शोरूम बंद हुए, जिसकी वजह से करीब 25000 लोग बेरोजगार हो गय। परन्तु सरकार कुंभकर्णी नींद से नहीं जाग रही। सालाना 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा करने वाली मोदी सरकार वास्तव में अपनी गलत नीतियों से करोड़ों लोगों का रोजगार छीन चुकी है। विदेशों से काला धन वापस लाने के नाम पर एक फूटी कौड़ी भी देश में नहीं ला पायी। उन्होंने कहा कि मोदी विदेशों से काला धन नहीं ,विदेशी निवेश नहीं, बल्कि विश्व बैंक से सर्वाधिक कर्ज लाने वाले पीहै।मोदी राज में देश पर 49 प्रतिशत क़र्ज़ का बोझ बड़ा है। साढ़े चार वर्ष में कर्ज 55 लाख करोड़ से बढ़कर 82 लाख करोड़ हो गया।वित्त मंत्रालय के आंकड़ो के मुताबिक़ जून 2014 में कर्ज 54.90 लाख करोड़ था ।जिसे केंद्र सरकार ने स्टेट्स पेपर के आठवें संस्करण में दर्शाया है ।उन्होंने कहा कि भाजपा की इन ग़लत नीतियों के कारण देश में आर्थिक आपातकाल की स्थिति बन गयी है । महेश्वर चौहान ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि इन बुनियादी ,ज्वलंत समस्याओं से जनता और देश का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा हमेशा अप्रासंगिक मूद्दो पर चर्चा में उलझाना चाहती है और इसी आड़ में सी बी आई, ईडी जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग करके कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ित कर रही है ।उन्हें झूठे मुक़दमों में फसाने का प्रयास कर रही है ,पूरे देश में भय का वातावरण बना कर रात के अंधेरे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओ को गिरफ़्तार करके विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश हो रही है । विकास का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार लोकतंत्र की हत्या पर आमादा है ।कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार के इस दमन चक्र से डटकर मुक़ाबला करेगी व हमेशा देश हित में बेरोज़गारों ,किसानो,व पिछड़ो की आवाज़ बुलंद करती रहेगी ।

## छात्रवृत्ति घोटाला : सीबीआई की ऊना में फिर दबिश, निजी विवि के प्रबंधकों से की पूछताछ

**शिमला/उत्तम हिन्दू न्यूज**

250 के छात्रवृत्ति घोटाले में केंद्रीय जांच एजेंसी ने एक बार फिर ऊना में दबिश दी है। इस दौरान सीबीआई की टीम ने वीवार निजी विवि प्रबंधकों से पूछताछ की है। साथ ही टीम ने घोटाले से संबंधित बैंकों के अधिकारियों से भी लंबी पूछताछ की। सीबीआई की गुरुवार देर शाम को यहां पहुंची। सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक बैंक प्रबंधकों से पूरे मामले को लेकर लंबी पूछताछ चल रही है। इसमें करोड़ों के घोटाले को लेकर सवाल जवाब किए गए हैं। जांच में पता चला है कि विवि के करीब 42 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति को गैरकानूनी तरीके से हड़प लिया गया है। इसको लेकर विवि में एडमिशन के समय पर भी बैंक अकाउंट से संबंधित दस्तावेजों को भी भरवा लिया गया था। इसके बाद सरकार से छात्रवृत्ति की रकम आने पर उसे इन्हीं वाउचरों का इस्तेमाल कर निकाल लिया गया। विवि




में जांच के दौरान बैंक से संबंधित वाउचर और फार्म भी मिले हैं। इसको सीबीआई ने अपने कब्जे में ले लिया है। इससे पहले हुई जांच में सीबीआई ने घोटाले से संबंधित छात्रों से भी उनके हस्ताक्षर और अन्य पहलुओं को लेकर बयान दर्ज कर लिए हैं।

# सांसद मनीष ने हलका बंगा का किया दौरा

## बाढ़ प्रभावित लोगों और आम लोगों की सुनी मुश्किलें

**नवांशहर/बंगा/जोशी**

लोकसभा हलका श्री आनन्दपुर साहिब से सांसद मनीष तिवाड़ी ने आज विधान सभा हलका बंगा का धन्यवादी दौरा किया। धन्यवादी दौरे दौरान के तिवाड़ी ने बाढ़ प्रभावित हुए लोगों और आम लोगों की मुश्किलें सुनी और उनको जल्द हल करने का भरोसा दिलाया। इस मौके उनके साथ हलका इंचार्ज सतवीर सिंह पल्ली झिककी, पूर्व विधायक तरलोचन सिंह सूंढ, मोहन लाल और अन्य कई सीनियर नेता उपस्थित थे। पत्रकारों के साथ बातचीत करते सांसद तिवाड़ी ने कहा कि आज मैं बंगा हलके के समूह वोटरों, सपोटरों का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं। जिन्होंने मुझे सांसद में भेजने के लिए मुझ पर विश्वास जताया। मैं वायदा करता हूं कि इलाके की समस्याओं को पहल के आधार पर हल करने का प्रयत्न करुंगा। तिवाड़ी ने हाल ही में दिल्ली में माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और श्री गुरु रविदास जी के प्राचीन मंदिर को गिराए जाने पर कहा कि इस से श्री गुरु रविदास भाईचारे में काफी रोष पाया जा रहा है। रोष के तौर पर पंजाब का माहौल खराब हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार को इस का हल करना चाहिए या तो उसी जगह मंदिर की दोबारा निर्माण करवाया जाये या किसी ओर जगह पर जमीन लेकर मंदिर बनाया जाए। पंजाब में सतलुज दरिया में पानी का स्तर बढ़ने के साथ कई गांवों के गांव तबाह हो गए है। लोगों का बाढ़ के पानी के साथ फसलों और घरों का बहुत नुक्सान हुआ है। जिस के लिए आज उन्होंने श्री आनन्दपुर साहिब और नवांशहर के कई गांवों का दौरा किया है। पंजाब के मुख्य मंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने भी बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा करके जिलों के डिप्टी कमिशनर को बाढ़ प्रभावित गांवों की गिरदावरी करवा कर के रिपोर्ट भेजने के लिए कहा गया है। इस मौके पर पूर्व विधायक मोहन लाल, हलका इंचार्ज सतबीर सिंह पल्ली झिककी, मलकीत सिंह बाहड़ोवाल, जसविंदर सिंह नंबरदार, सरपंच अकविंदर कौर, चरनजीत रंधावा, कमलजीत बंगा जिला परिषद मैंबर, अमरजीत सिंह पुन्नी, राजिंदर सिंह, डॉ. बख्शीश सिंह, रघुबीर सिंह बिल्ला, इरवन कुमार लंढेर कलां आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



श्री आनन्दपुर साहिब से सांसद मनीष तिवाड़ी प्रैस को जानकारी देते हुए।

# 5 ग्राम हेरोईन सहित एक काबू

**अबोहर/उत्तम हिन्दू न्यूज़**

फिरोजपुर के आईजी मुखविंद्र सिंह छीना साहब के दिशा निर्देशों पर फाजिल्का के एसएसपी भूपिन्द्र सिंह, एसपीडी रणवीर सिंह, एसपी अबोहर गुरमीत सिंह, डीएसपी अबोहर कुलदीप सिंह भुल्लर, डीएसपी बल्लुआना संदीप सिंह द्वारा जिले को नशामुक्त करने तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत उनके दिशा निर्देशों का पालन करते हुए थाना बोदी वाला (खुईखेड़ा) के प्रभारी बलविन्द्र सिंह टोहरी व एएसआई भगवान सिंह दौराने गश्त बेगांवाली की तरफ जा रहे थे कि सामने से दो युवक आते दिखाईदिया।

एक युवक राज कुमार पुत्र मुख राम को पुसिल ने काबू किया जब दूसरे युवक विनोद कुमार पुत्र इंद्राज वासी गांव कोडियांवाली मौके से फरार हो गया। तलाशी के दौरान युवक से 5 ग्राम हैरोईन बरामद हुई। दोनों के खिलाफ थाना खुईखेड़ा में मामला दर्ज किया गया है। युवक को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# टोहाना से ही लड़ूंगा विधानसभा चुनाव : निशान सिंह



**हिसार/विजय शर्मा**

हरियाणा में जननायक जनता पार्टी(जजपा) प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह ने कहा है कि वह राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों में टोहाना हलके से ही चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने आज यहां रतिया रोड स्थित जजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनके विरोधी आम जनता को यह कह कर गुमराह कर रहे हैं कि वह टोहाना से चुनाव नहीं लड़ेंगे। लेकिन ये बातें केवल कोरी अफवाह हैं और इनमें कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि वह टोहाना के निवासी हैं और टोहाना से ही विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

कांग्रेस पर तंज कसते हुए श्री सिंह ने कहा कि इस पार्टी ने देश और प्रदेश की जनता के साथ धोखा किया है। कांग्रेस में जिस तरह गुटबाजी है उससे यह स्पष्ट है कि इसके नेता जनता के हितों की लड़ाई लड़ने के वजाय अपनी कुर्सी हासिल करने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इंडियन नेशनल लोकदल(इनेलो) और जजपा के एक होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह एक परिवारिक मामला है। अगर परिवार एक होता है तो अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि जो लोग भारतीय जनता पार्टी में किसी दबाव के चलते जा रहे हैं वे जल्द पार्टी में लौटेंगे।

# कार और स्कूटी की भिड़ंत में पिता की मौत, पुत्र-पुत्री घायल

**हिसार/विजय शर्मा**

हरियाणा में हिसार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढाणा गांव के निकट आज सुबह कार और स्कूटी की भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गये।

पुलिस ने बताया इस घटना में स्कूटी सवार हरिचंद(50) की मौके पर ही मौत हो गई तथा उनके पुत्र गोविंद और पुत्री पल्लवी गम्भीर रूप से घायल हो गए। हरिचंद स्कूटी पर अपने बच्चों के साथ मुढाल जा रहे थे। ढाणा गांव के निकट पहुंचते ही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घायलों को हांसी के सिविल अस्पताल में पहुंचाया जहां से उनकी गम्भीर हालत देखते हुए डाक्टरों ने उन्हें हिसार रैफर कर दिया। हादसे के बाद कार चालक मौके पर ही कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार कब्जे में लेकर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# दूसरे दलों के नेताओं के पार्टी में आने से पुराने भाजपाई पसोपेश में

**सिरसा/तिवाड़ी**

हरियाणा में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में दूसरे दलों के नेताओं के शामिल होने तथा बढ़ते कुनबे से पार्टी के पुराने नेता पसोपेश में हैं और इनमें सर्वाधिक परेशानी उन नेताओं को है जो विधानसभा चुनाव लड़ने की मंशा पाले हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इंडियन नेशनल लोकदल(इनेलो) छोड़ कर इसके लगभग एक दर्जन विधायक भाजपा का दामन थाम चुके हैं। कहने को तो ये विधायक बिना शर्त पर भाजपा में शामिल हुए है लेकिन लोकसभा चुनावों में पार्टी की देश और प्रदेश में हुई जबरदस्त जीत को देखते हुये ये नेता विधानसभा चुनाव लड़ने और जीत का ख्वाब पाल कर बैठे हुये हैं। इनमें से कईयों ने तो टिकट मिलने से पहले ही अपने चुनाव कार्यालय खोलकर जनसम्पर्क अभियान शुरू कर दिया है। इन नेताओं की बढ़ती सक्रियता से पार्टी के पुराने नेता सकते में है और उन्हें अपनी टिकट कटने का अंदेशा हो रहा है। ऐसे में पुराने नेताओं ने अब सार्वजनिक मंचों से दूसरे दलों से आए नेताओं पर परोक्ष रूप ये शब्द बाण भी चलाने शुरू कर दिये हैं। सिरसा में तीन दिन पहले बीपीएल कार्ड वितरण समारोह में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता और एक निगम के चैयरमेन ने हाल ही में इनेलो छोड़ कर भाजपा में आए विधायक मक्खन सिंगला पर परोक्ष रूप से प्रहार करते हुये लोगों से यहां तक कह डाला कि पैसे वाले नेता अगर टिकट लेकर मैदान में आए तो उनसे दूरी बनाकर रखना। बता दें कि श्री सिंगला के पिछली बार धन-बल के सहारे विधानसभा की दहलीज तक पहुंचने के खूब चर्चे हुए थे। वह प्रदेश के एक बड़े शराब व्यवसायी हैं। इसी तरह फतेहाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान सिरसा से सांसद सुनीता दुग्गल ने विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया पर अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के मुद्दों की अनदेखी के आरोप जड़ दिए थे जिससे कार्यक्रम में श्री दौलतपुरिया की खिल्ली उड़ने लगी। इस श्री दौलतपुरिया स्वयं ही मंच से खड़े होकर अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में हुये कार्य तथा मंजूर हुई विकास परियोजनाओं का बखान करने लगे। भाजपा के प्रदेश मामलों के प्रभारी और राज्यसभा सांसद अनिल जैन से हाल ही में जब दूसरे दलों से आए नेताओं को विधानसभा टिकट देने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा हालांकि दूसरे दलों से नेता बिना शर्त उनकी पार्टी में आए हैं लेकिन टिकट आवंटन के समय सम्भावित उम्मीदवार की चुनाव जीतने की क्षमता को अवश्य ही तरजीह दी जाएगी।

# बच्चों संग स्कूटी पर जा रही महिला को सांड ने मारी टक्कर

**अम्बाला/राजेन्द्र भारद्वाज**

अंबाला में आवारा पशुओं के कारण होने वाले हादसे थमने के नाम नहीं ले रहे हैं। अंबाला प्रशासन इस मामले में चैन की नींद सो रहा है और आम नागरिको को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। बीते रोज शहर के अंबिका मंदिर के पास एक सांड ने एक्टिवा पर बच्चों सहित जा रही महिला नीतू गुलाटी निवासी मिलाप नगर को टक्कर मार दी। हादसे में महिला नीतू व उसके बच्चे बाल बाल बच गये, लेकिन एक्टिवा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। नीतू ने इस पूरे मामले में नगर निगम को जिम्मेवार बताते हुए प्रशासन को इस मामले में उचित कदम उठाने को कहा है। बता दे कि अभी कुछ दिन पहले ही एयरफोर्स स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षिका की भी सडक़ हादसे में मौत हो गई थी। हादसा उस वक्त हुआ जब शिक्षिका की एक्टिवा के आगे अचानक आवारा कुत्ता आ गया और एक्टिवा की ब्रेक लगानी पड़ी। हादसे के बाद सडक़ पर गिरने से लगी चोट के कारण शिक्षिका की मौत हो गयी थी। इससे पूर्व भी अंबाला में अनेक हादसे हो चुके हैं, जिनमे कई लोगों की जान जा चुकी है और दर्जनो लोग आवारा पशुओं के कारण हुए हादसों में घायल हो चुके है। इन सबके बावजूद प्रशासन कुंभकर्णी नींद सो रहा है। निगम के अधिकारी हमेशा यह कहकर पल्ला झाड़ लेते है कि जल्द ही टेंडर किया जायेगा। प्रशासन को गहरी नींद से जगाने के लिए पिछले साल अंबाला के कुछ जागरूक वकीलो ने यूटिलिटी कोर्ट में नगर निगम के खिलाफ केस दायर कया था। इस केस की सुनवाई की दौरान कोर्ट नगर निगम को कई बार फटकार लगा चुकी है।

» नहीं थम रहे आवारा पशुओं के कारण होने वाले हादसे

# खट्टर सरकार वर्कर्ज व हैल्परों से कर रही धोखाधड़ी

**करनाल/आशुतोष गौतम**

आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन हरियाणा की जिला अध्यक्ष रूपा राणा व सचिव बिजनेश राणा ने कहा कि प्रदेश की खट्टर सरकार वर्कर्स व हेल्पर्स के साथ धोखाधड़ी कर रही है। मार्च 2018 में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने स्वयं विधानसभा में कहा था कि वर्कर्स को श्रमिक की केटेगरी में शामिल किया जायेगा। परन्तु आज तक इस बारे नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा सितम्बर 2018 में घोषित 1500 व 750 की बढ़ोतरी को सरकार लागू नहीं कर रही। वर्कर्स से सुपरवाईजर्स की पद्दोन्ति में तरह तरह की शर्तें लगाइ जा रही हैं। लोकसभा चुनावों से पहले भी मुख्यमंत्री ने यूनियन को आश्वस्त किया था कि घोषित बी स्वीकृत मांगे पूरी करेंगे परन्तु ऐसा नहीं किया गया। दूसरी तरफ योजना को ही बर्बाद करने के प्रयास केंद्र व राज्य सरकार संयुक्त रूप से कर रही है। इससे भविष्य में वर्कर्स व हेल्पर्स का रोजगार खत्म होने की संभावना बन रही है जिसे आंगनवाड़ी कर्मी किसी भी रूप में सफल नहीं होने देंगी। उन्होंने कहा कि सरकार वर्कर्स को कुशल व हेल्पर्स को अकुशल श्रेणी में डाले, 1500 व 750 की बढ़ोतरी अक्तूबर 2018 से एरियर सहित लागू हो, वर्क्स से सुपर वाईजर्स की पदोन्नति में शर्तें हटे, आंदोलन के दौरान कटे मानदेय का भुगतान हो , और सरकार यह सुनिशचित करे की 5 साल तक की आयु के बच्चे प्राईवेट स्कुलो मे जाने की बजाय आगनवाडी केन्द्रों मे ही आए। योजना को निजी हाथों में देना सरकार बंद करे। यूनियन ने मांग की है कि अम्बाला की मृतक हेल्पर के परिवार को 10 लाख का मुआवजा व परिवार के सदय को नोकरी पर रखा जाये। इसे लेकर 26 अगस्त को तमाम जिलो की वर्कर्स व् हेल्पर्स करनाल मुख्यमंत्री के ग्रह क्षेत्र में अधिकार प्रदर्शन करेंगी।

» आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर यूनियन ने दी प्रदर्शन की चेतावनी

# घर के ताले तोड़ हजारों रुपए चुराए

**गुरदासपुर/सरपाल, सुदीप कुमार**

गांव वड़ैच में दिन दिहाड़े एक घर के ताले तोड़ चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

महिला पलविंदर कौर पत्नी हरप्रीत सिंह निवासी वड़ैच ने बताया कि उसका पति यूपी में अपने किसी रिश्तेदार को मिलने के लिए 19 अगस्त को गया था। जिसके बाद वह घर में अकेली ही रह रही है। 23 अगस्त को वह सुबह साढ़े आठ बजे घर को ताले लगाकर घुमण कलां में स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवाई लेने के लिए गई थी। साढ़े दस बजे जब वह घर को वापिस लौटी तो घर के मेन गेट का ताला टूटा पड़ा था। जब अंदर जाकर देखा तो अंदर के कमरे भी खुले हुए थो और सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी भी खुली हुई थी। जिसको चेक करने पर उसमें से 49500 रुपये की नकदी गायब थी। जिसे कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया।

वहीं चोरी संबंधी जायजा लेने पहुंचे एएसआई गुरमुख सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला के बयानों के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करके अगली कार्रवाई शुरु कर दी है।

# शिक्षा और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं लोगों को मुफ्त मिले : गुरदीप सिंह



**गुरदासपुर/रोहित गुप्ता**

समाज सेवा दल की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष जोगिंदर पाल लाडी के नेतृत्व में हुई। बैठक दौरान समाज सेवा दल के गुज्जर सैल का हाजी सलाउद्दीन को जिला प्रधान और जोगिंदर सिंह नागी को समाज सेवा दल का रामगढ़िया सेल गुरदासपुर का प्रधान बनाया गया। इनके अलावा अशोक कुमार को समाज सेवा दल का एजुकेशन सेल का उप प्रधान नियुक्त किया गया। सुख बथवाला को जिला सलाहकार बनाया गया। इस मौके पर जिला सरपरस्त एनके सोई ने कहा कि समाज सेवा दल लोगों की भलाई के लिए लंबे समय से काम कर रही है। एजुकेशन सेल के जिला प्रधान प्रिंसिपल गुरदीप सिंह लोदीपुरिया ने कहा मेडिकल और एजुकेशन सुविधा देश के हर नागरिक को मुफ्त प्रदान की जानी चाहिए। समाज सेवा दल की ओर से दोनों मुद्दों को लेकर लोगों को अपने साथ जोड़ा जा रहा है और सरकार तक अपनी इस मांग को पहुंचा कर देश में मेडिकल और एजुकेशन की सुविधा मुफ्त करवाने की मांग की जा रही है। जिला अध्यक्ष जोगिंदर पाल लाडी ने कहा हलका गुरदासपुर के विधायक बरिंदरमीत सिंह पाहड़ा हलके के लोगों की प्रत्येक समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। दल की ओर से अपनी उक्त मांगों को विधायक के समक्ष भी रखा गया है। उन्होंने विधायक पाहड़ा के सीनेट मेंबर बनने पर हलका निवासियों को बधाई दी।

# सुखविंद्र नारा ने की पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह से मुलाकात

**चंडीगढ़/अखिल**

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एवं नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से युवा कांग्रेस नेता सुखविंन्द्र नारा, एडवोकेट ने भारत के पूर्व प्रधामंत्री सरदार मनमोहन सिंह से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात कर उन्हें राज्यसभा का निर्विरोध सदस्य निर्वाचित होने पर पर बधाई दी, नारा ने बताया कि उनकी मुलाकात लगभग बीस मिनट चली जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पूर्व प्रधानमंत्री देश में युवाओं की बेरोज़गारी और किसानों की दयनीय स्थिति को लेकर काफ़ी चिंतित है।

उन्होंने कहा कि देश की मौजूदा आर्थिक परिस्तिथियां युवाओं और किसानों के लिए अनुकूल नहीं है जो की काफ़ी गम्भीर विषय है। नारा ने कहा की डाक्टर मनमोहन सिंह जी एक महान अर्थशास्त्री है, जो आर्थिक सुधारों के पुरोधा रहे हैं। डॉक्टर सिंह द्वारा लागू किए सुधार कार्यक्रमों के बाद डूबती हुई इकॉनमी ने वह मुकाम हासिल कर लिया कि उसे पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़ा। 2004 से 2014 तक लगातार 10 साल देश के पीएम रहे डाक्टर सिंह ने 1991 में जब देश के वित्त मंत्री का पद संभाला था तब आर्थिक क्रांति ला दी थी, इन्होंने ही ग्लोबलाइजेशन की शुरूआत की थी। 1991 से 1996 के बीच उनके द्वारा किए गए आर्थिक सुधारों की जो रूपरेखा, नीति और ड्राफ्ट तैयार किया, उसकी दुनिया भर में प्रशंसा की जाती है।

उन्होंने गठबंधन सरकार के तमाम प्रेशर के बीच इंडो यूएस न्यूक्लियर डील को अंजाम दिया था, उनके कार्यकाल के दौरान भोजन का, सूचना का, शिक्षा और मनरेगा जैसे अधिकार भारत के नागरिकों को मिले जो अपने आप में ऐतिहासिक और क्रान्तिकारी क़दम है ।



## जल है तो कल है : एडीसी

**करनाल/आशुतोष गौतम**

अतिरिक्त उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि हमारा सभी का प्रयास होना चाहिए कि हम सब मिलकर अपने गांव को साफ-सुथरा रखें तथा गांव के सार्वजनिक स्थानों मंदिर, धाम, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, व्यायामशालाएं, चौपाल, स्वास्थ्य केन्द्र आदि को साफ-सुथरा बनाने में सहयोग करें और खुले नल पर टूंटी लगाकर जल बचाने का संदेश दें। जल है तो कल है, जल की एक-एक बूंद अमृत के समान है, इसे व्यर्थ ना गवाएं। एडीसी ने जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जल बचाने के लिए जल शक्ति अभियान की शुरूआत की है। जिला में पानी की बर्बादी को रोकने और जल की बचत करने के लिए गांव व घर में खुले चलने वाले पानी के कनैक्शनों पर नल लगाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय जल संकट पैदा करने वाला हो सकता है। यदि हम इसके प्रति सजग नहीं होंगे तो आने वाली पीढ़ी को जल की कमी से जूझना पड़ेगा।

# बिग मैजिक के साथ अब हर रविवार होगा 'मस्तीवार'




**पानीपत/ राम मेहर कौशिक**

मनोरंजन के स्तर को कई गुना ऊपर ले जाते हुए, फ्री टू एयर प्रमुख बच्चो का मनोरंजक चैनल, बिग मैजिक अपने नन्हें दर्शकों के लिये एक सामान्य से रविवार को 'मस्तीवार' में बदलने को तैयार है। हर रविवार, सुबह 8 बजे से रात 11 बजे तक, बिग मैजिक में एक के बाद एक खास कार्यक्रम पेश किये जायेंगे, जिनमें एनिमेटेड शोज़, मैजिक और फन गेम्स होंगे। मस्तीवार' की सुबह बच्चे एजुटेंमेन्ट और रियलिटी शोज़ से अपने दिन की शुरुआत करने वाले हैं, वहीं दोपहर में एनिमेशन कटेंट और खासतौर से तैयार की गयी एक के बाद एक फिल्मों के साथ भरपूर मनोरंजन होने वाला है। 'मस्तीवार' के इस बेहद मजेदार पेशकश की शान बढ़ाने वाले कार्यक्रमों में एजुटेंमेन्ट, एनिमेशन तथा मज़ेदार काल्पनिक शोज शामिल हैं । इसके साथ ही इस चैनल ने नये रियलिटी शोज़ - 'शाबाश इंडिया', 'इंडियाज़ बेस्ट ड्रामेबाज़', 'लगाओ बोली' के लॉन्च के साथ बच्चों के मनोरंजन के स्तर को कई गुना बढ़ा दिया है। एक से बढ़कर एक कार्यक्रमो के बीच भला कोई 'जन्माष्टमी' को कैसे भूल सकता है।

## पृष्ठ एक के शेष...

**राजनीति का...**

लेने में तकलीफ होने के बाद जेटली 9 अगस्त को एम्स में भर्ती हुए थे। जेटली का सॉफ्ट टिश्यू कैंसर का इलाज चल रहा था। वे इस बीमारी के इलाज के लिए 13 जनवरी को न्यूयॉर्क गए थे और फरवरी में वापस लौटे। जेटली ने अमेरिका से इलाज कराकर लौटने के बाद ट्वीट किया था- घर आकर खुश हूं। उन्होंने अप्रैल 2018 में भी दफ्तर जाना बंद कर दिया था। 14 मई 2018 को एम्स में ही उनके गुर्दे (किडनी) प्रत्यारोपण भी हुआ था, वे शुगर से भी पीडिति थे। सितंबर 2014 में वजन बढ़ने की वजह से जेटली की बैरियाट्रिक सर्जरी भी कराई गई थी। जेटली को छह महीने पहले भी जांच के लिए एम्स में भर्ती किया गया था। डॉक्टरों ने उन्हें इलाज के लिए यूके और यूएस जाने की सलाह दी थी। लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद भाजपा कार्यालय में हुए कार्यक्रम में भी वो नजर नहीं आए थे। उन्होंने कैबिनेट की बैठक में भी हिस्सा नहीं लिया था। मई 2019 में उन्होंने मोदी से कह दिया था कि नई सरकार में वे शामिल नहीं हो पाएंगे। इसके बाद मोदी उनसे मिलने घर पहुंचे थे। उधर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्द्धन, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, बंगाल सीएम ममता बनर्जी, आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी, कांग्रेस सांसद शशि थरूर, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और विभिन्न पार्टियों व राजनीतिक हस्तियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

**मैंने अपना...**

गहरी समझ थी। केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने कई जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। देश की आर्थिक उन्नति में योगदान दिया, सुरक्षा को मजबूत किया और ऐसे कानून बनाने में महती भूमिका निभाई जो जनता के लिए सहूलियत वाले हों। भाजपा से उनका अटूट रिश्ता रहा। आपातकाल में वो छात्र नेता के तौर पर सक्रिय रहे। उनके निधन से मैंने एक अमूल्य मित्र खो दिया है। ये मेरा सौभाग्य रहा कि मैंने उनके साथ कई दशकों तक काम किया। वे सदा हमारे दिलों में रहेंगे। ओम शांति...।'

**यूएई में...**

और फैब अगले हफ्ते से इसे जारी करना शुरू कर देंगे। यूएई के मरक्यूरी पेमेंट सर्विसेज और भारत के नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन के बीच दोनों देशों बीच भुगतान प्लेटफॉर्म के लिए टेक्नोलॉजी इंटरफेस स्थापित करने के लिए एक एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। लुलु फाइनेंशियल ग्रुप के प्रबंध निदेशक अदीब अहमद ने कहा कि कम ट्रांजक्शन प्रॉसेसिंग शुल्क रूपे को बैंक, व्यापारियों और ग्राहकों के लिए आर्थिक रूप से अधिक उपयोगी बनाता है और समाज के एक बड़े हिस्से तक पहुंचने के लिए व्यापार द्वारा इसका अधिक से अधिक लाभ उठाया जा सकता है। यूएई में आने वाले पर्यटकों में भारतीय सबसे ज्यादा होते हैं, जो अब यहां रूपे कार्ड का इस्तेमाल कर पाएंगे। भारत में यूएई के राजदूत अहमद अल बन्ना कश्मीर मुद्दे को भारत का आंतरिक मामला बता चुके हैं। उन्होंने हाल ही में कहा था कि यूएई को मोदी सरकार के जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले में कुछ भी गलत नहीं लगा है। यह पूरी तरह से भारत का आंतरिक मामला है। हम नहीं मानते हैं कि इसका मकसद राज्य की क्षेत्रीय विभिन्नता को कम करना है। दूसरी तरफ पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के मामले पर दुनियाभर में भारत के खिलाफ माहौल बनाने में जुटा हुआ है। हालांकि अभी तक इस मामले में उसे चीन को छोड़कर किसी का साथ नहीं मिला है। ऐसे में एक इस्लामिक राष्ट्र का मोदी को सम्मानित करना इस पक्ष को और कमजोर करेगा। बीते चार सालों में यह तीसरा मौका है जब प्रधानमंत्री मोदी यूएई के दौरे पर हैं। खाड़ी देशों में दुबई को सबसे बड़ा बिजनेस हब माना जाता है। यहां बड़ी तादात में भारतीय पर्यटक भी पहुंचते हैं। यही कारण है कि बीते कुछ वर्षों में दोनों देशों ने बिजनेस बढ़ाने को लेकर लगातार बातचीत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूएई दौरे के दौरान कहा कि भारत और यूएई का संबंध लगातार मजबूत हुआ है। उन्होंने स्थानीय मीडिया में दिए इंटरव्यू में कहा कि आर्टिकल 370 हटाने के फैसले का असर भारत और यूएई के संबंध पर नहीं पड़ेगा।

**राहुल समेत...**

चाहते थे। इसी बीच जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से कहा गया है कि नेता राज्य का दौरा करने न आएं। उनके आने से शांति व्यवस्था बनाए रखने की कोशिशों में खलल पड़ सकता है। नेताओं को यहां आने से बचना चाहिए। अब तक किसी भी नेता को राज्य के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया। राहुल के अलावा विपक्ष के प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, केसी वेणुगोपाल, सीपीएम नेता सीताराम येचुरी, जदयू नेता शरद यादव, द्रमुक नेता तिरुची शिवा, राकांपा नेता माजिद मेमन, सीपीआई नेता डी राजा, तृणमूल नेता दिनेश त्रिवेदी और राजद के मनोज झा हैं। अगर प्रतिनिधिमंडल को अनुमति दी जाएगी, तो ये राज्य के अन्य हिस्सों में भी जा सकते हैं। अभी तक, अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद से राज्य में किसी भी राजनीतिक दल के नेता को जाने की अनुमति नहीं दी गई थी। स्थानीय नेताओं पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को नजरबंद रखा गया। इससे पहले, कांग्रेस के सांसद गुलाम नबी आजाद को राज्य में प्रवेश नहीं दिया गया था और उन्हें दो बार जाने से रोका गया था। डी राजा को भी श्रीनगर एयरपोर्ट से वापस भेज दिया गया था। राहुल गांधी और राज्यपाल सत्यपाल मलिक के बीच राज्य का दौरा करने को लेकर ट्विटर पर बहस भी हो गई थी।

**सिंधू ऐतिहासिक...**

सिंधू ने पिछले दो साल इस टूर्नामेंट में रजत पदक जीते थे। वह विश्व चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक भी जीत चुकी हैं। दूसरी तरफ प्रणीत को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य से संतोष करना पड़ा। प्रणीत ने इसके बावजूद इतिहास बनाया और वह महान प्रकाश पादुकोण के 1983 में कांस्य पदक जीतने के 36 साल बाद इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। ओलम्पिक रजत विजेता सिंधू ने इससे पहले क्वार्टरफाइनल में विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी ताइपे की ताई जू यिंग को हराया था और अब सेमीफाइनल में उन्होंने विश्व रैंकिंग में तीसरे नंबर की खिलाड़ी चीन की यू फेई को 40 मिनट में शिकस्त दे दी और इस साल के अपने दूसरे फाइनल में जगह बनाई। वह इस साल इससे पहले इंडोनेशिया ओपन के फाइनल में पहुंचीं थीं।

**जेट संस्थापक...**

दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों को कब्जे में लिया गया। अधिकारी ने बताया कि एजेंसी जेट एयरवेज और गोयल के खिलाफ विभिन्न सूत्रों से प्राप्त शिकायत के आधार पर फॉरिन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) के कथित उल्लंघन की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि इस साल मार्च में एयरलाइन के अध्यक्ष का पद छोड़ने वाले गोयल की 19 निजी कंपनियां है, जिसमें से 14 भारत में और 5 विदेश में पंजीकृत हैं।

**भाजपा के...**

कमांड वॉर मेमोरियल स्मृति भी पहुंचे थे। उन्होंने सैनिकों के साथ एक 'बड़ा खाना' (बड़ी दावत) में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने सुरक्षाकर्मियों के साथ खुलकर बातचीत की।

**भारत-पाक...**

ने कहा, 'राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान को नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने और उसकी जमीन पर सक्रिय उन आतंकवादी समूहों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है, जिन्होंने भारत में हमले किए।'

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक इरविन खन्ना के स्वामित्व में 'उत्तम हिन्दू' 67, बादली इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-2, दिल्ली-42 से प्रकाशित एवं खन्ना प्रिंटर्स ए-23/1 फोकल प्वाइंट एक्सटेंशन, जालंधर से मुद्रित। सम्पादक : इरविन खन्ना*, कार्यकारी सम्पादक : रितिन खन्ना। RNI No. : DEL-HIN/2012/41236 *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन एवं सम्पादन के लिए उत्तरदायी। किसी भी तरह के होने वाले वाद-विवाद का निपटारा जालंधर के न्यायालय में होगा।

epaper.uttamhindu.com

## न्यूज ब्रीफ

### 1 किलो 100 ग्राम गांजे सहित एक काबू

शाहाबाद/स्वामी

पुलिस विभाग ने एक व्यक्ति को 1 किलो 100 गांजे सहित गिर तार किया है। एंटी नारकोटिक सैल की पुलिस टीम शाहाबाद जी.टी.रोड पर गशत पर थी। जब वह बराडा रोड अनाज मंडी गेट के पास पहुंचे तो एक आदमी पुलिस पार्टी को दे ाकर पीछे मुडकर चलने लगा। जिस पर पुलिस टीम ने शक होने पर उसे काबू किया तो उसने अपना नाम गुलशन उर्फ भोंदू निवासी डेहा कालोनी बताया। उसे चैक करने पर उसके पास से 1 किलो 100 ग्राम गांजा पत्ती बरामद हुई।

### अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार

पलवल/गुप्ता

चांदहट थाना पुलिस ने अलग-अलग जगह से दो लोगों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 62 बोतल शराब को बरामद कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता मनजीत कुमार ने बताया कि चांदहट थाना पुलिस ने गांव किठवाड़ी निवासी राजू को गांव से ही काबू कर उसके कब्जे से 48 बोतल व गांव चांदहट निवासी कुलदीप को भी गांव से ही काबू कर उसके कब्जे से 14 बोतल देशी शराब को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### छात्रा के साथ छेड़छाड़, नामजद पर मामला दर्ज

पलवल/गुप्ता

कालेज आते-जाते समय छात्रा का पीछा करने व छेडछाड़ करने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। सदर थाना पुलिस ने छात्रा के पिता की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी हवलदार कविता ने बताया कि एक पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी बेटी पलवल स्थित कालेज में पढ़ने के लिए आती है। पिछले तीन दिन से पृथला गांव निवासी सतीश उर्फ कालीचरण पीड़ित की बेटी का पीछा कर परेशान कर रहा है। सतीश ने कुछ महिने पहले भी पीड़ित की बेटी के साथ छेडछाड़ की। विरोध करने पर सतीश उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपी के खलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शिक्षा संस्थाओं में विद्यार्थियों के लिए बायोमैट्रिक हाजिरी होगी लागू : चन्नी

## मैगा इवेंट के लिए रोज़गार सृजन और तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ड्यूटियां लागाईं

चंडीगढ़/प्रेम विज

राज्य का तकनीकी शिक्षा विभाग इस साल से विद्यार्थियों के लिए बायोमैट्रिक हाज़िरी की शुरुआत करने जा रहा है और इस सम्बन्धी सभी तैयारियाँ मुकम्मल कर ली गई हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री स. चरनजीत सिंह चन्नी ने बायोमैट्रिक हाज़िरी सम्बन्धी तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए रखी गई एक मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों और विभिन्न पोलीटेक्निक कॉलेजों और आई. टी. आई के प्रिंसिपलों को उक्त प्रणाली को सुचारू ढंग से अमल में लाने के लिए हिदायतें जारी कीं। यहाँ यह बताना ज़रूरी है कि विभाग द्वारा सभी तकनीकी शिक्षा संस्थाओं के स्टाफ की बायोमैट्रिक हाज़िरी पहले ही सफलतापूर्वक अमल में है। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने यह भी बताया कि सभी सरकारी पोलीटेक्निक कॉलेजों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआईज़) में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए टैंडर की प्रक्रिया



पंजाब के शिक्षा मंत्री चरनजीत चन्नी को सम्मानित करते हुए विभाग के अधिकारी।

मुकम्मल की जा चुकी है और इस साल के अंत से पहले उक्त संस्थानों में कैमरे लगा दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले समेस्टर की सभी परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में करवाई जाएंगी। इससे पहले मंत्री द्वारा यूनिवर्सिटियों के वाइस चांसलरों के साथ 9 से 30 सितंबर, 2019 को आयोजित होने जा रहे मेगा रोज़गार मेलों की तैयारियों का जायज़ा लेने सम्बन्धी मीटिंग भी की गई। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार के प्रमुख प्रयास के तौर पर शुरू की गई 'घर घर रोज़गार' स्कीम के अंतर्गत इन रोज़गार मेलों के दौरान 2 लाख से अधिक नौकरियाँ दी जाएंगी। ये रोज़गार मेले राज्यभर में 75 अलग अलग स्थानों पर लगाए जाएंगे और चुने गए नौजवानों को मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह द्वारा 5 अक्तूबर को रोपड़ में नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। यह भी बताने योग्य है कि रोज़गार सृजन विभाग द्वारा 2 लाख से अधिक नौकरियों की पहचान की गई है।

## बाईक चोर गिरोह के दो सदस्य काबू

फिरोजपुर/रमेश कश्यप

पुलिस ने गश्त के दौरान मिली सूचना के अधार पर मोटरसाईकिल चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करके उनसे चोरी के 3 मोटरसाईकिल बरामद किए है। इस संबंध में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चोरी एवं अन्य धाराओं तहत थाना लक्खोके बहराम में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपी जाली कागजात तैयार करके चोरी के वाहनों को आगे बेचते है। थाना लक्खोके बहराम के सहायक इंस्पैक्टर गुरनाम सिंह ने बताया कि पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि पवनदीप सिंह उर्फ पम्मा पुत्र सतपाल सिंह व गोरा पुत्र चांदी राम निवासी लक्खोके बहराम मोटरसाईकिल चोरी करके उसके जाली कागजात तैयार करके उसे भोले-भाले लोगों बेचते है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे चोरी के तीन मोटरसाईकिल बरामद किए है। इस संबंध में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके अगली कार्रवाई शुरु कर दी है।

# प्लगिंग कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं : सरकारिया

## जलसंसाधन मंत्री ने सतलुज में आई दरार पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया

मयोवाल/उत्तम हिंदू न्यूज़

पंजाब के जल संसाधन मंत्री सुखबिंदर सिंह सरकारिया ने शनिवार को गांव मोवाल का दौरा कर सतलुज दरिया में आई 350 फुट की दरार को भरने के कार्य का निरीक्षण किया। श्री सरकारिया 22 अगस्त की शाम को भी यहां आए थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार संकट की घड़ी में लोगों को बाहर निकालने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने पहले ही मओ साहिब में तटबंध में आई दरार को सफलतापूर्वक बंद कर चुका है और आज शाम तक मयोवाल में इस प्रमुख दरार को प्लग किया जाएगा। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि प्रशासन ने मनरेगा मजदूरों, बाबा तलविंदर सिंह जी (कहाना ढेसियां), बाबा कश्मीरा सिंह और बाबा निर्मल सिंह के स्वयंसेवकों की मदद से सुबह तक लगभग 250 फुट की दरार को बंद किया है और शेष ब्रीच को आज शाम तक कवर



किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि प्लगिंग कार्य करने के लिए धन की कोई कमी नहीं है और जालंधर में शेष सभी तटबंधों में आये कटावों को भी जल्द ही प्लग किया जाएगा। मंत्री ने प्लगिंग कार्य में प्रशासन को सहायता प्रदान करने के लिए सभी स्वयंसेवकों के समर्थन की सराहना की। मंत्री ने गाँव मओ साहिब का भी दौरा किया जहाँ प्रशासन ने दो दिन पहले कटाव को बंद किया था। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त (जी) जसबीर सिंह, मुख्य अभियंता संजीव गुप्ता, कार्यकारी अभियंता दविंदर सिंह और अन्य उपस्थित थे।

### नशीले पाऊडर सहित दो गिरफ्तार

फिरोजपुर/रमेश कश्यप : पुलिस ने जिला पुलिस प्रमुख विवेकशील सोनी के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों को गिरफ्तार करने को चलाई मुहिम तहत बस अड्डा हजारा सिंह वाला व सोढी नगर रोड शेरखां से दो लोगों को गिरफ्तार करके उनसे नशीला पाऊडर बरामद किया। इस संबंध में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना ममदोट एवं थाना कुलगड़ी में मामला दर्ज किया है। जानकारी अनुसार थाना ममदोट के सहायक इंस्पैक्टर सुखपाल सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ बस अड्डा हजारा सिंह वाला से आरोपी कृपाल सिंह पुत्र बगीचा सिंह निवासी लक्खा सिंह वाला हिठाड़ को गिरफ्तार करके उससे 53 ग्राम नशीली पाऊडर और थाना कुलगड़ी के सहायक इंस्पैक्टर गुरप्रीत हांडा ने सोढी नगर रोड शेरखां से आरोपी गुरमुख सिंह उर्फ ईलु पुत्र करनैल सिंह निवासी सोढी नगर को गिरफ्तार करके उससे 50 ग्राम नशीली पाऊडर बरामद किया है।

### हरियाणा विधानसभा चुनाव

# स्वराज इंडिया प्रत्याशियों की दूसरी सूची सोमवार को करेगी जारी

चंडीगढ़/उत्तम हिन्दू न्यूज़

स्वराज इंडिया आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों में अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची सोमवार 26 अगस्त को सार्वजनिक करेगी।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र यादव तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रत्याशियों के नामों के अलावा चुनाव अभियान की आगामी योजना की भी घोषणा करेंगे।

ज्ञातव्य है कि पार्टी की ओर से दस उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जा चुकी है जिनमें ज़मीनी संघर्ष करने वाले युवाओं और महिलाओं को विशेष तरजीह दी गयी। पार्टी ने घोषणा की है कि उम्मीदवारों में एक तिहाई महिला और एक तिहाई युवा भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। स्वराज इंडिया सोमवार को प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री के उन दावों तथा वादों की पोल खोलेगी जो उन्होंने किये हैं। अब तक प्रदेश में महिला सुरक्षा, बेरोज़गारी और कृषि संकट पर पूछे गये सवालों का जवाब मुख्यमंत्री या उनकी पार्टी की तरफ से नहीं आया। सीएम मनोहर लाल खट्टर इन मुद्दों पर बात तो कर रहे हैं लेकिन भ्रमित करने वाली मनोहर कहानियों के अलावा शायद उनके पास कुछ कहने को नहीं है। जनता के पैसों से जनता को ही गुमराह करने के लिए अखबारों में इश्तहार छपवाए जा रहे हैं लेकिन जनता के सवालों के जवाब नहीं दिए जा रहे। पार्टी की आगे की चुनावी रणनीति की रूपरेखा की घोषणा की जायेगी ।

# भाकियू ने मारकंडा नदी में बाढ़ से हुए नुकसान पर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

शाहाबाद/स्वामी

शनिवार को भारतीय किसान यूनियन ने राष्ट्रीय महासचिव स्वामी इंद्र के नेतृत्व में शाहाबाद के ग्रामीणों की चल अचल संपत्ति, फसल व पशुधन के नुकसान पर सरकार से मुआवजा देने की मांग करते हुए शाहाबाद प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया कि मारकंडा नदी व टांगरी नदी के पानी को डुबाने का काम किया है। बाढ के पानी से गांव तंगौर, अरूपनगर, गुमटी, मलिकपुर, कठवा, कलसाना, मुगलमाजरा, झरौली कलां, रावा, ठसका अली व नलवी सहित अनेक गांवों में फसलों का नुकसान हुआ है। ज्ञापन में कहा गया कि यह क्षेत्र डूबने से बच सकता था लेकिन सिंचाई विभाग ने बिना तैयारी के इन नदियों में अचानक अधिक पानी छोड दिया जिस वजह से शाहाबाद में बाढ आ गई और ग्रामीण किसानों को



प्रशासन को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

भारी नुकसान उठाना पडा और आपस में गांवों का संपर्क टूट। ग्रामीण कई दिनों तक बिना बिजली पानी के रहने को मजबूर हो गए। कई गांवों में बाढ के कारण पानी घरों में घुस गया जिस कारण कीचड और गंदगी फैल जाने से बीमारियां फैलने का खतरा बना है। किसानों की खडी फसल बर्बाद हो गई तथा ग्रामीण गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। गांवों में ग्रामीणों के पास पशुओं को खिलाने के लिए हरा व सूखा चारा नही है। भाकियू ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि किसानों को 25 हजार रूपए प्रति एकड मुआवजा दिया जाए। इस अवसर पर गुरनाम सिंह कलसानी, पिपल सिंह, लिखित सिहं, महावीर राणा, शक्ति सिंह, सुखवंत सिंह, जगजीत सिंह, बाल केवल सिंह, देवेंद्र सिंह, दिलबर सिंह, अशोक कुमार, बलबीर सिंह तथा किरपाल सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# युवक को लाठी डंडों से पीट पीटकर उतारा मौत के घाट

पलवल/गुप्ता

पार्क में घूमने गए 20 वर्षीय युवक की पुरानी रंजिश के चलते लाठी-डंडा व लोहे की रोड़ से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और शव को गांव के जोहड़ में फेंक दिया। परिजनों की काफी तलाश के बाद मृतक का शव जोहड़ से बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर तीन नामजद व दो-तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि गांव औरंगाबाद निवासी हरवीर ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका भाई पंकज 23 अगस्त की शाम सात बजे गांव में स्थित पार्क में घूमने के लिए गया था।



मृतक पंकज का फाइल फोटो।

जहां पर गांव निवासी महेश, रवि, अजय व दो तीन अन्य युवक पहले ही मौजूद थे जिनके हाथों में लाठी-डंडा व लोहे की रोड़ थी। उक्त युवकों ने मिलकर पंकज पर लाठी-डंडा व रोड़ से ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नही आरोपियो ने पंकज के मृत शरीर को खुर्द-बुर्द कर जोहड़ में फेंक दिया। काफी तलाश करने के बाद पंकज के शव को जोहड़ से बरामद किया गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को संभालते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

# बच्चों को शिक्षा और प्रेरणा प्रदान करती कविताएं

साहित्य

पुस्तक समीक्षा


हिंदी साहित्य में बाल लेखन की अत्यंत प्राचीन और समृद्ध परंपरा रही है। नारायण पंडित ने पंचतंत्र नामक पुस्तक में कहानियों में पशु-पक्षियों को माध्यम बनाकर बच्चों को शिक्षा प्रदान की थी। बचपन में बच्चे दादी और नानी से कहानियां सुनकर सोते हैं। बाल साहित्य का उद्देश्य बाल पाठकों का मनोरंजन करना ही नहीं अपितु उन्हें आज के जीवन की सच्चाइयों से भी परिचित कराना है। कहानियों और कविताओं के माध्यम से हम बच्चों को शिक्षा प्रदान कर इनका चरित्र निर्माण कर

**समीक्षक : प्रेम विज**

सकते हैं। बच्चों के साहित्य का इतना महत्व और लोकप्रियता है कि सभी पत्र पत्रिकाओं में आपको बच्चों पर साहित्य अवश्य मिल जायेगा। चंपक, बाल हंस, बाल भारती पत्रिकाएं तो बच्चों पर ही आधारित हैं।

'बाल हठखेलियां' डा. प्रज्ञा शारदा का बाल कविताओं का संग्रह है। इस संग्रह में 73 कविताएं हैं। कविताओं में यदि दृष्टि डालें तो इनमें बापूजी के तीन बंदर, प्यारा घर, म मी की गुड़िया, जय भारत महान, सो जा मुन्नू, अखबार, बूढ़े दादा, बादल, गुलाब, अच्छे बच्चे, नशा मुक्ति, खिलौने वाला, चंदा मामा, तोता, पानी व्यर्थ बहाओ न, सिखो मिलजुल कर रहना, झंडा ऊंचा रहे हमारा, बिल्ली मौसी, चांद, हाथी, वर्षा रानी, बिजली, होली, कोयल, मां का दिल और दादी दादा, नाना नानी भी है। कवयित्री ने एक तो बच्चों के लिए उन विषयों को चुना है जो उनको प्रिय हैं। दूसरा उन बातों को लिया है जो बच्चों को बतानी बहुत आवश्यक है। बच्चों का मन एक कोरे कागज के समान होता है। उस पर जो भी लिख दिया जाए वह आसानी से नहीं मिटाया जा सकता। इसलिए कवयित्री ने विषय वस्तु के साथ साथ भाषा और भाव का भी विशेष ध्यान दिया है। इन कविताओं की अन्य विशेषयता यह है कि हर कविता के साथ उनके चित्र भी दिये गए हैं ताकि बच्चों का आकर्षण बना रहे।

कुछ कविताएं देश भक्ति की हैं। जैसे जय भारत महान, वीर सिपाही, भारत मां की संतान, भारत देश की धरती, भारत की जनता, भारत के बाल वीर, झंडा ऊंचा रहे हमारा, याद




रखे सब हिंदुस्तान आदि में देश प्रेम, राष्ट्र भक्ति का भाव मिलता है। यह बच्चों के लिए बहुत ही आवश्यक है। भारत देश की धरती कविता में देश की प्रगति, उन्नति और यहां की सौंदर्यता का उल्लेख है। यह पंक्तियां देखिये, 'फल फूलों से सजी ये धरती/सब देशों से न्यारी है/इसकी समृद्धि पर हमको/रहा बड़ा अभिमान है/हिंदु, मुस्लिम, सिख ईसाई/सारे/इसके प्राण है।'

बच्चों को अच्छी आदतों से परिचित करवाने के लिए भी अनेक कविताएं हैं। उदाहरण के रूप में प्यारा घर, अच्छे बच्चे, अच्छे बच्चे बनना तुम, सीखो मिलजुल कर रहना, काम की बात, प्यारे बच्चो आदि। प्यारे बच्चो की यह पंक्तियां इस संदर्भ में उद्धृत है, 'सुनो सुनो तुम प्यारे बच्चो/मतलब की इक बात/हरदम इसको तुम याद रखना/आज बांध लो गांठ/जीवन में उत्साही बनो/पर जल्दबाजी तो कभी नहीं।'

अनेक कविताओं में दादा दादी, नाना नानी, मां का उल्लेख मिलता है। यह हमारे वो रिश्ते हैं जो बच्चों को प्यार दुलार तो देते ही हैं और अच्छी बातें भी बतलाते हैं। दादा दादी, नाना नानी की ये पंक्तियां देखिए, 'दादा बरगद जैसे हैं/डटकर सदा वो रहते हैं/दादी नीम की छांव है/गोदी उसकी धाम है।'

कई कविताओं में बच्चों को शिक्षाएं भी दी गई हैं। मसलन शिक्षा धन कविता में विद्या के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। 'पानी व्यर्थ बहाओ न' में पानी के उपयोगिता के बारे में बताया गया है और बच्चों से आग्रह है कि वे इसे व्यर्थ में मत बहाएं क्योंकि पानी ही हमारा जीवन है।

कुल मिलाकर सभी कविताएं बच्चों की मानसिकता को देखकर लिखी गई हैं। सरल तथा सुबोध भाषा का प्रयोग किया गया है। यह पुस्तक बाल साहित्य में अपना योगदान देगी।

# पकौड़े ने बदला अपन का मिजाज

व्यंग्य

साहित्य साधना के लिए कम्प्यूटर बाबा को प्रणाम कर योग मुद्रा में तल्लीन था। दिमाग में अनेकानेक विषय आ रहे थे लेकिन किसी पर स्थायित्व नहीं मिल रहा था। इस दौरान धर्मपत्नी कई बार डोर को नाक कर चुकी थी परंतु साहित्य साधना में लीन होने की वजह से मैं शून्य में खो गया था जिसकी वजह से ब्रह्मसत्य जगत मिथ्या की स्थिति बन गई थी। तभी धर्मपत्नी श्रीमती रचना बेलनवाली के रौद्ररुप ने हमारी साधना को मानूसनी दस्तक के साथ भंग कर दिया।

**प्रभुनाथ शुक्ल**

एक बार तो हमें ऐसे लगा कि जैसे कड़कती बिजली और बादलों की गड़गड़ाहट कमरे में घुस जाएगी लेकिन जब कमरा खोला तो हमारे होश उड़ गए। यह क्या! श्रीमती रचना बेलनवाली साक्षात दुर्गा स्वरुप में खड़ी थी और मैं उनके सामने नतमस्तक था। पत्नी का प्रचंड रुप देख मैं क्षमा याचना की मुद्रा में था। शांत हो जाओ, देवी शांत हो जाओ! क्षमा-क्षमा! लेकिन गर्जना थमने का नाम नहीं ले रही थी। काफी मनौवल के बाद गर्जना, व्यंजना और लक्षणा शांत होने के बाद मुझ पर पिल पड़ी।

अजी! सुनते हो, जी देवी! बोलिए। दूधवाला आया था, सुबह-सुबह धमकी देकर गया है, उसका तीन महीने का बकाया है। कल से से दूध बंद और चाय को भी तरसोगे। नगर निगम से जलकर वालों ने नोटिस भेजा है। उनका छह माह का बकाया है। मकान मालिक ने भी कमरा छोड़ने का अल्टीमेटम दिया है। बच्चे स्कूल से लौट आएं हैं। टीचर ने कहा है कि क्लास टेस्टिंग का वक्त बीत गया। मम्मी-पापा से बोलो कल पचास हजार के साथ सारे डाकूमेंट लेकर आएं और एडमिशन करा लें वरना कल से स्कूल मत आना। बिजली वाले ने बिल भुगतान न होने पर कनेक्शन काट दिया है। जनाब अब अंधेरे में साहित्य साधना करनी होगी। समझे, पूरे लाख का बजट है और जेब में धेला भी नहीं है। हूं! आए हैं बड़े साहित्यकार बनने। सौ में से अस्सी जगह से रचनाएं संपादक सखेद लौटा देते हैं। ऊपर से मुफ्त में धन्यवाद और सहयोग बनाए रखने की अपील भी करते हैं। मानसूनी बारिश में कभी कभार सौ-दौ सौ रुपया मिल गया तो मिल गया। कोई बड़ा साहित्यकार तो तुम्हारी फेसबुक वाल पर घास तक नहीं डालता। लाइक न कामेंट लेकिन नोबेल पुरस्कार लेने में लगे हो। तुम्हारी साधना में घर का कचूमर निकल रहा है। मरणोपरांत भी नोबेल मिलने वाला नहीं है। बेलनवाली के प्रहार से नहाया मैं अकिंचन और स्तब्ध खड़ा था।

श्रीमती रचना बेलनवाली की चूड़ियां बार-बार मुझ पर बेलन तानते हुए खनक रही थी। हमने सोचा इसी लय को क्यों न काव्य रचना का आधार बना डालें लेकिन वह थमने वाली कहां थी। श्रीमान! आप तो पूरे निठल्ले हो। तुमसे भले तो दल्ले हैं जिनके नाम पर दलाल स्ट्रीट बन गई है। देश बदल रहा है लेकिन लल्लू लाल बदलने से रहे। दिन-रात कम्प्यूटर बाबा के साथ बंद कमरे में साधना करते रहते हैं। मौसम का मिजाज देख बदलना सीखो। जमाना प्रयोगवादी है देखते नहीं। कभी जूता, थप्पड़ और तो और वर्ल्डकप में अपन भले हार गए, लेकिन लल्ला के बल्ले ने कमाल कर दिया। अपन की गोवा टीम को देखो। मौसम सूखा देख मानसूनवालों के साथ हो लिए। पब्लिक जाए भाड़ में, उसकी कौन चिंता करता है। बेलनवाली ने अपना रुख थोड़ा नरम किया। बोली सजनवा। मेरी मनवा की मान जा। ई नोबल लेने की जिद छोड़। तुम भी गोवा वालों की नीति अपनाओ। बस! ई बेरोजगारी से बचने के लिए एक बड़ा पिलान है हमरा पास। नगर निगम से थोड़ा जुगाड़ भिड़ाओ। चौराहे पर खाली पड़ी जमीन पर पकौड़े की दुकान कर लो। मानसून का मौसम है, समय की नजाकत को देख इसकी शुरूआत कर लो। बस! दुकान का शुभारंभ पकौड़ा तलने का मंत्र देने वालों से करवा लो। फिर मीडिया वालों का कैमरा चमकेगा। एक न्यू आइडिया आएगा। अपनी बेगारी दूर हो जाएगी। बेलनवाली की बात जंच गई। कहते हैं कि वक्त बदलते देर नहीं लगती। हमारी दुकान चल निकली। आज शहर के नामी गिरामी लोग आते हैं। सोसायटी में मेरी अलग छवि बन गयी है। किट्टी पार्टी में बेलनवाली के बेलन का जलवा है। शहर के नामी गिरामी साहित्यकार चाय और पकौड़े का लुत्फ उठाने आते हैं। कल तक जो घास नहीं डाल रहे थे, आज साहित्यकार पकौड़े वाले का बड़ा नाम है। (युवराज)



# पाकिस्तान से विस्थापित हो अमृतसर रुका था जेतली का परिवार

## गुरु की नगरी में है जेतली की बुआ का घर

**अमृतसर/उत्तम हिंदू न्यूज**

**पूर्व** वित्त मंत्री अरुण जेटली को पंजाब से विशेष लगाव था। केंद्र की राजनीति में अपना अलग स्थान बनाने वाले जेटली का अमृतसर से खून का रिश्ता था। यही कारण है कि वह यहां से चुनाव लड़े और पराजय के बावजूद यहां से उनका खास लगाव कायम रहा। दरअसल उनके परिवार को भारत-पाकिस्तान विभाजन के बाद यहीं आसरा मिला था। लाहौर से आने पर उनकी बुआ ने उनके पिता और पांचों भाइयों को अपने घर आश्रय दिया था। पंजाबी होने के नाते जेटली का पंजाब की राजनीति में हमेशा दखल रहा। अमृतसर की सियासत उन्हीं से शुरू होती थी। उनसे ही आशीर्वाद लेकर अमृतसर के कई नेता फर्श से अर्श पर पहुंचे। विडंबना यह रही कि जेटली को सियासी हार का दर्द भी इसी धरती पर झेलना पड़ा।



कांग्रेस के नेता व पूर्व मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू अमृतसर में अपने राजनीतिक गुरु अरुण जेटली के साथ। (फाइल फोटो)

विभाजन के समय फुल्लांवाला चौक में जेटली की बुआ रहती थीं। पाकिस्तान से विस्थापित होकर आया उनका परिवार सबसे पहले अमृतसर में बुआ के घर रुका था। जेटली का ननिहाल भी अमृतसर में ही है। खूह सुनियारिया में उनके मामा मदन लाल वट्टा भी रहते थे।

जेटली का जन्म तो दिल्ली में हुआ लेकिन अमृतसर से उनका लगाव हमेशा बना रहा। विशेषकर बुआजी के पौत्र नरेंद्र शर्मा आज भी उनके बहुत करीब हैं। पारिवारिक समारोह में उनका हमेशा ही आना जाना रहा। यह अलग बात रही कि राजनीति में ननिहाल परिवार से कोई भी आगे नहीं आया। जेटली की पत्नी का ननिहाल भी अमृतसर की नमक मंडी में है। इस नाते भी उनका जुड़ाव अमृतसर के साथ रहा।

जेटली परिवार के बेहद नजदीकी अनूप त्रिखा बिट्टा ने बताया कि अरुण जेतली के ननिहाल अमृतसर में था। चौक फुल्ला वाला में उनकी बुआजी का घर था। विभाजन के दौरान अरुण जेटली के पिता अपने पांच भाइयों के साथ लाहौर से अमृतसर आए थे और फुल्लां वाला चौक स्थित अपनी बहन के घर रुके थे। अरुण जेटली जब भी अमृतसर आते अपनी बुआजी के घर जरूर जाते। उनके मामा जी मदन लाल वट्टा खूह सुनियारिया में रहते रहे है और अब उनके बच्चे वहां रहते हैं।

**देखना पड़ा हार का मुंह**

अरुण जेटली की हमेशा ही भाजपा की सियासत में तूती बोलती रही। उनको भाजपा के मुख?य रण?नीतिकारों में माना जाता था और वह पार्टी के %चाणक?य% थे। राज्यसभा के वरिष्ठ सदस्य जेटली पहली बार चुनावी रण में 2014 में उतरे। उनके सामने थे कांग्रेस के उम्मीदवार कैप्टन अमरिंदर सिंह। अमृतसर संसदीय सीट से उतरे जेटली अपनी यहां जड़ें होने की वजह से जीत को लेकर आश्वस्त थे। पंजाब में अकाली-भाजपा सरकार, विशेषकर बादल परिवार ने भी उन्हें आश्वासन दिया कि वह यहां से बड़ी जीत दर्ज करेंगे। हालांकि चुनाव में जेटली को 1,02,770 मतों से हार का मुंह देखना पड़ा और अमृतसर की धरती पर ही उन पर हार का दर्द भी झेलना पड़ा।

**अमृतसर को बहुत कुछ दिया**

चुनाव में हार के बावजूद जेटली 2014 में एनडीए सरकार में मंत्री बने। उन्होंने अमृतसर के नेताओं से दूरी बना ली लेकिन गुरु नगरी से उनका लगाव कम नहीं हुआ। अमृतसर को उन्होंने आइआइएम दिया। स्मार्ट सिटी और हेरिटेज सिटी का दर्जा देते हुए इसे विश्वस्तरीय शहरों में खड़ा करने में कोई कसर नहीं रखी। अमृतसर के व्यापारी, कारोबारी व नेता जब भी उनके पास समस्याएं लेकर दिल्ली गए तो उन्होंने पहल के आधार पर उनका न सिर्फ हल करवाया और उन्हें बड़ी राहत दिलवाई। शहर के कई नेताओं ने जेटली के आशीर्वाद ले सियासी मुकाम पाया है।



**पंजाब** भाजपा के पूर्व अध्यक्ष कमल शर्मा, पूर्व विधायक के.डी. भंडारी, रजिन्द्र मोहन छीना के साथ पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली की फाइल फोटो।

**सभी दलों में था सम्मान**

अरुण जेटली का व्यक्तित्व ऐसा था कि उनका हर दल में सम्मान था। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह से चुनावी मुकाबले के बावजूद जेटली के रिश्ते बेहद अच्छे रहे। भाजपा से कांग्रेस में आए नवजोत सिंह सिद्धू के तो वह राजनीतिक गुरु थे। सिद्धू इसे खुले रूप में स्वीकार करते थे। 2017 के विधानसभा चुनाव के दौरान नवजोत सिद्धू अमृतसर में कांग्रेस उम्मीदवार थे तो जेटली ने उनके खिलाफ चुनावी सभाओं को संबोधित किया और हमले किए। लेकिन, सिद्धू ने अपने गुरु जेटली पर कोई टिप्पणी नहीं की। सिद्धू ने उस समय कहा था, वह मेरे गुरु हैं और रहेंगे। मैं उनके खिलाफ नहीं बोलूंगा। गुरु जीवन भर के लिए होते हैं और वह बदले नहीं जाते। बताया जाता है कि जेटली के जन्मदिन पर सिद्धू उनसे आशीर्वाद लेने दिल्ली उनके घर भी जाते थे।

# बाढ़ प्रभावित किसानों को गेहूं का बीज मुफ्त देगी सरकार : खन्ना

**लोहियां/उत्तम हिंदू न्यूज**

**पंजाब** के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव विश्वजीत खन्ना ने सचिव कृषि के एस पन्नू के साथ, आज जालंधर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। बाढ़ प्रभावित गांवों के किसानों को एक बड़ी राहत देते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव (विकास) विश्वजीत खन्ना ने आज कहा कि राज्य सरकार आगामी सीजन के लिए किसानों को गेहूं की फसल का उच्च गुणवत्ता वाला बीज प्रदान करेगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने आज जालंधर के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया और कहा कि मूल मकसद किसानों को संकट की इस घड़ी में किसानों की मदद करना है। उन्होंने कहा कि किसानों को अधिक उपज देने वाले बीज उपलब्ध कराए जाएंगे क्योंकि उनकी फसलों के अलावा बाढ़ के पानी ने खाद्य उत्पादकों के बीजों को भी नष्ट कर दिया है। श्री खन्ना ने कहा कि राज्य सरकार असहाय गाँवों में किसानों की दुर्दशा के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील है और उनकी हर तरह की मदद की जाएगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि किसानों को इसके लिए कोई आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन कृषि विभाग द्वारा विशेष गिरदावरी में उनके नुकसान का पता लगाने के बाद उन्हें सहायता प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को यह राहत सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। श्री खन्ना ने कहा कि वह पूरे ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खाद्य उत्पादकों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने आगे कहा कि विभाग ने पशुओं के लिए चारे सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित संलग्नक भी बनाए हैं। इसी तरह, उन्होंने कहा कि बाढ़ के पानी के कारण गाँवों में होने वाले बुनियादी ढाँचे की मरम्मत के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। श्री खन्ना ने कहा कि राज्य सरकार संकट की इस घड़ी में किसानों और लोगों को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**सीएम के मुख्य अपर सचिव ने लिया बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा**

इस अवसर पर कृषि सचिव कहन सिंह पन्नू ने राज्य सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए किए जा रहे प्रयासों को भी सूचीबद्ध किया।

# अवैध निर्माणकर्ताओं के खिलाफ होगी एफआईआर

## एमटीपी विभाग ने लिखा पुलिस कमिशनर को पत्र

**अमृतसर/दीपक मेहरा**

**नगर** निगम के एमटीपी विभाग की तरफ से वाल्ड सिटी में अवैध निर्माण करने वालो को बार-बार चेतावनी देने के बावजूद निर्माण जारी रखने पर सख्त रूख अख्तियार किया है। एमटीपी आईपीएस रंधावा ने पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर वाल्ड सिटी में अवैध तौर पर बन रही करीब 10 इमारत मालिको के खिलाफ केस दर्ज करने को पत्र लिखा है। इसके अलावा कॉपी का उतारा पावरकॉम को भी किया गया है जिसमें उन्हें उन इमारतों के बिजली कनेक्शन काटने को कहा गया है। इन इमारतों में सतीश कुमार, नजदीक कमल निवास, गोदामां वाली गली, सोनू चक्की वाला, अंदरून सुल्तानविंड गेट, संदीप महाजन, किरयाना स्टोर, महां सिंह गेट, कर्म चंद, सिंकदरी गेट, बैक साइड मीत होटल, परमिंदर सिंह पुत्र जतिंदर सिंह, हाल बाजार, गूल्लू बकरवाना बाजार, सोमू शिंगारी, नजदीक अमन गैस्ट हाऊस, शेरां वाला गेट, कोंटरेक्टर नजदीक सरदार पगड़ी हाऊस, हाल बाजार, महां सिंह गेट सकुर्लर रोड, गुरसिमरन सिंह पुत्र कुलवंत सिंह, प्रताप बाजार, हाथी खाना मुख्य तौर पर शामिल हैं। पुलिस को दिए गए पत्र में एमटीपी ने लिखा है कि उक्त इमारतों में अनाधिकृत तौर पर निर्माण किया जा रहा है जिसे विभाग के मुलाजिमो ने कई बार रोका और वहां लगी लेबर को भी वहां से भगाया गया। इतना ही नहीं विभाग ने दफ्तरी कार्रवाई करते हुए नगर निगम एक्ट के अधीन नोटिस जारी किए गए थे परंतु इमारत मालिक लगातार बिल्डिंग बायलाज का उल्लघंन करते रहे। जोकि पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशो की उल्लघंना है। इसलिए उन इमारतों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## नशीले पदार्थों के धंधेबाज नशे सहित काबू

**अमृतसर/दीपक मेहरा :** जिला पुलिस ने छापामारी करके भारी मात्रा में नशीले पदार्थ और उसके धंधेबाजों को गिरफ्तार लकरने में सफलता प्राप्त की है। इस्लामाबाद पुलिस ने राहुल कुमार वासी नजदीक ज्ञानी स्कूल इस्लामाबाद को 5 ग्राम हेरोइन, 990 नशीली गोलियां, मकबुलपूरा पुलिस ने प्रीतम सिंह वासी मेहता रोड को 263 नशीली गोलियां, मजीठा वासी कर्मपुरा, राज वासी फैजपुरा को 5 ग्राम हेरोइन, तरसिक्का पुलिस ने विक्रमजीत सिंह वासी पत्ती मुस्लमानां को 70 नशीली गोलियां, कत्थू नंगल पुलिस ने निरवैर सिंहऔर उसकी मां बलविंदर कौर वासी वरियाम नंगल को 5 ग्राम हेरोइन, 125 नशीली गोलियां, 330 ग्राम नशीला पदार्थ, एक मोटरसाइकल और 3 हजार नकदी सहित, भिंडीसैदा पुलिस ने जगरूप सिंह वासी सोडियां को 6 ग्राम हेरोइन, कंबो पुलिस ने प्रगट सिंह वासी बलकलां को 50 बोतल अवैध शराब और दिलावर सिंह वासी धौलकलां को 3 ग्राम हेरोइन और एक कार सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

**शादी के झांसे में नाबालिग का अपहरण :** महेश कुमार की शिकायत पर इस्लामाबाद पुलिस ने विशाल वासी सुल्तानविंड के खिलाफ उसकी 16वर्षीय लड़की को शादी का झांसे में अपहरण कर लेने का केस दर्ज किया है। महेश ने बताया कि उसकी बेटी 22 अगस्त को स्कूल गई थी लेकिन वापिस घर नहीं आई। उसने विश्वास से कहा कि उसकी बेटी को विशाल अपहरण कर ले गया है।

**विदेश भेजने के नाम पर 14.50 लाख की ठगी, तीन नामजद :** अमरबीर सिंह की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने हरप्रीत सिंह, तरूनदीप सिंह, अमरप्रीत कौर सभी वासी गुरू अमरदास एवेन्यू के खिलाफ विदेश भेजने के नाम पर 14.50 लाख रूपये की ठगी करने का केस दर्ज किया है। अमरबीर ने बताया कि आरोपियो ने उसकी पत्नी और उसे कनाडा भेजने की आड़ में उक्त ठगी की है। अब वह न तो विदेश भेज रहे हैं और न ही पैसे वापस कर रहे हैं।

## पड़ोसी करते थे अभद्र व्यवहार, निगला जहर, तीन नामजद

**अमृतसर/दीपक मेहरा**

**कुलवंत** कौर पत्नी बलबीर सिंह वासी ओठियां की शिकायत पर राजासांसी पुलिस ने जस्सा सिंह, गुरदीप सिंह और कालू सिंह के खिलाफ आत्महत्या को विवश करने का केस दर्ज किया है। कुलवंत कौर ने बताया कि आरोपी उनके पड़ोस में रहते हैं वह उसके पति बलबीर सिंह से घटिया व्यवहार करते और अभद्र तरीके से बोलते थे। इनसे दुखी होकर बलबीर सिंह ने कोई जहरीली वस्तु खा ली।

## सैक्रेट हार्ट पब्लिक स्कूल में रही कृष्ण जन्माष्टमी की धूम



**जालंधर/उत्तम हिन्दू न्यूज़ :** शहर के सैक्रेट हार्ट पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की झांकियां दिखाकर सबका मन मोह लिया। इस बारे में स्कूल के प्राचार्य मोनिका खन्ना ने बताया कि बच्चों ने भगवान कृष्ण की अनेक प्रकार की भव्य झांकियां बनाकर जन्माष्टमी की धूम मचा दी। प्राचार्य ने कहा कि जन्माष्टमी पर्व को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन के रुप मे मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व पूरी दूनिया मे आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।



**जालंधर।** डैफोडिल किन्डरगारटन कान्वेंट स्कूल गोपाल नगर स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कृष्ण के रूप में सामर्थ खन्ना व अन्य बच्चे।



जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण की वेशभूषा में नन्हीं बालिका चारवी।

# सड़क हादसे रोकने संबंधी कैंडल मार्च का शिवसेना हिंदुस्तान समर्थन करती है : पवन गुप्ता

## कहा, नगर निगम और पंजाब सरकार को नींद से जागना होगा

**पटियाला/उत्तम हिन्दू न्यूज़**

**शिवसेना** हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि शिव सेना हिंदुस्तान समाजसेवी संगठनों द्वारा पटियाला में नगर निगम को नींद से जगाने वाले कैंडल मार्च का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के अपने शहर पटियाला के आसपास और पंजाब के अन्य शहरों में गोवंश के साथ-साथ अन्य पशु जो लावारिस हालत पर सड़कों पर छोड़े गए हैं, जिनसे नित्य प्रतिदिन सड़क हादसे हो रहे हैं और लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, इस समस्या से निजात के लिए नगर निगम को प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार को कुंभकरण की नींद से जगाने के इस प्रयास का शिव सेना हिंदुस्तान जहां पूर्ण समर्थन करती है वही मांग भी करती है कि इस प्रकार के गंभीर विषय को आंकड़ों के खेल में नहीं उलझाया जाना चाहिए बल्कि सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को संभालने के जोरदार प्रयास करने चाहिएं। उन्होंने कहा कि नगर निगम पटियाला सहित पंजाब सरकार को भी पूरी गंभीरता के साथ और सख्ती के साथ इस दिशा में काम करना चाहिए इसमें कोई भी राजनीति नहीं होनी चाहिए। शिव सेना हिंदुस्तान पंजाब सरकार से मांग करती है कि पंजाब के नागरिकों की सुरक्षा के लिए जो टैक्स वसूला जा रहा है उसके तहत मानव जीवन बचाने के लिए अन्य गौशालाओं का निर्माण किया जाए।



## डेराबस्सी की कैमिकल फैक्ट्री में जोरदार धमाका

**डेराबस्सी/चंडीगढ़/अरुण, प्रेम विज :** स्थानीय नेक्टर कैमिकल फैक्ट्री में आज शाम के समय एकाएक जबरदस्त धमाका हुआ। जिस कारण 12 से अधिक कर्मचारी घायल हो गए। इन घायलों में 4 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए है। जैसे ही फैक्ट्री में धमाका हुआ तो आसपास के लोगों ने वहां पहुंच कर घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। धमाके के कारण फैक्ट्री की दो मंजिला बिल्डिंग को काफी क्षति हुई है। धमाके के बाद मलबा फैक्ट्री के बाहर कर्मचारियों के मोटरसाइकिलों पर गिर गया। जिससे कई मोटरसाइकिल मलबे में दब गए। जिस समय फैक्ट्री में धमाका हुआ उस समय फैक्ट्री में कैमिकल लेकर दो टैंकर पहुंचे हुए थे। फैक्ट्री में हुए धमाके के बारे में अभी तक स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। धमाके के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और अपनी जांच में जुट गई है।

# कश्मीर घाटी को देश से जोड़ेगी रेलवे

**फिरोजपुर/उत्तम हिन्दू न्यूज़**

**कश्मीर** घाटी को देश के बाकी हिस्से से जोडऩे की कोशिश के तहत भारतीय रेलवे उधमपुर-बारामूला रेलवे लाइन परियोजना पूरी करने के लिए अब तेजी से काम कर रहा है। रेलवे को 2021-22 तक इस परियोजना की शुरुआत होने और 2020 के मध्य तक चेनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-आर्च ब्रिज पूरा होने की उम्मीद है। पहले वर्ष 2020 में इस परियोजना की शुरुआत करने का लक्ष्य रखा गया था जिसमें देरी हो गई और अब इसे तेजी से संपन्न करने के लिए सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा इसकी निगरानी की जा रही है।

उधमपुर से बारामूला तक 272 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन में से कटरा और बनिहाल के बीच करीब 111 किलोमीटर का हिस्सा अधूरा पड़ा है। इस हिस्से में लगभग 97 किलोमीटर लंबी सुरंग और 14 किलोमीटर की सतही रेलवे लाइन है। इस मार्ग में चेनाब नदी पर 359 मीटर ऊंचे पुल की भी योजना शामिल है जो अपनी तरह का सबसे ऊंचा पुल होगा और इसकी ऊंचाई एफिल टॉवर से भी ज्यादा होगी।

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार चेनाब पुल का करीब 80 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है जो इस परियोजना के संपन्न होने में महत्त्वपूर्ण रहेगा। इसके अलावा संपूर्ण निर्माण का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा भी पूरा हो चुका है।



अनुच्छेद 370 हटाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों - जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख में विभाजित करने के बाद इस क्षेत्र में चल रही राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच इस परियोजना का पूरा होना घाटी के लिए आगामी विकास योजनाओं की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होगा। 1,250 करोड़ रुपये की लागत वाले इस चेनाब रेल पुल को कश्मीर घाटी और देश के बाकी हिस्से के बीच प्रवेश द्वार माना जा रहा है क्योंकि यह सुरक्षा बलों के साथ-साथ तैयार उत्पादों की तेज आवाजाही में मदद करेगा। पुल निर्माण में रेलवे ने विशेष गुणवत्ता वाले संरचनात्मक इस्पात का उपयोग किया है जिसमें बहुत उच्च स्तर की परिशुद्धता और नवीनतम वेल्डिंग तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। रेलवे के अनुसार यह पुल लगभग 250 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवा झेल सकता है। इसके मेहराब वाले भाग में एक खास प्रकार की पेंटिंग का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसे कई अतिरिक्त मापदंडों जैसे कमजोरी, भूकंपीय प्रभाव, विस्फोट का दबाव, वैश्विक स्थिरता और इन संयुक्त प्रभावों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक को काफी पहले 1994-95 में मंजूरी प्रदान की गई थी, जबकि जुलाई 2002 में इसे राष्ट्रीय परियोजना के रूप में घोषित किया गया था। उधमपुर से कटरा के बीच 25 किलोमीटर का भाग और बनिहाल से बारामूला के बीच 136 किलोमीटर लाइन पहले ही चालू हो चुकी है, जबकि कटरा से बनिहाल एकमात्र बचा हुआ भाग है। माना जा रहा है कि 27 पुलों और 37 सुरंगों वाला यह दुनिया का सबसे कठिन हिस्सा है और यह एशिया में सबसे लंबा भी है। इससे घाटी में रेलवे के बुनियादी ढांचे में आगे और विस्तार होगा।